वॉयस ऑफ लखनऊ
सच, सिर्फ सच
**
मंगलवार, 05 मार्च, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 64, पेज 12, 2.00 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## नये रिकॉर्ड स्तर पर सेंसेक्स-निफ्टी

स्थानीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक-सेंसेक्स व एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। }11

## इसरो प्रमुख सोमनाथ कैंसर से पीड़ित

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बताया कि उन्हें आदित्य एल1 मिशन के प्रक्षेपण के दिन कैंसर से पीड़ित होने का पता चला था। }12



### संक्षेप

## गेहूं क्रय नीति को मिली मंजूरी

लखनऊ। यूपी सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदेगी। किसानों को 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान होगा। यह सरकारी खरीद 6500 खरीद केंद्रों के माध्यम से की जाएगी। सरकार ने कैबिनेट बाई सकुर्लेशन गेहूं खरीद नीति 2024-25 को मंजूरी दे दी है। नीति के मुताबिक कुल आठ एजेंसियां खरीद करेंगी। खाद्य विभाग की विपणन शाखा, मंडी परिषद, उत्तर प्रदेश सहकारी संघ (पीसीएफ), उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव यूनियन (यूपीपीसीयू), उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ, भारतीय ...शेष पृष्ठ 10 पर

## गोंडा में प्रधानाचार्य की गोली मारकर हत्या

गोंडा। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के छपिया थाना इलाके में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रिश्तेदारी में आए एक प्रधानाचार्य की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि सीडी यादव इंटर कॉलेज सिसहनी में प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत फूलपुर गांव रहने वाले दिनेश यादव अपने रिश्तेदार एवं कॉलेज के प्रबंधक आज्ञाराम यादव के यहां रविवार को एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जिले के छपिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत चांदा रत्ती गांव आए हुए थे। एसपी ने बताया कि रविवार रात को जयमाल कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वह घर से थोड़ी दूर गांव के बाहर दुकान के बरामदे में सो रहे थे। बीते दिनों हुए आपसी विवाद को लेकर सिसहनी गांव निवासी दो लोगों - अजय वर्मा एवं राज सिंह - ने उनकी कनपटी पर तमंचा सटाकर गोली मार दी। गोली चलने से आसपास सो रहे लोग जाग गए और उन्होंने भागने की कोशिश कर रहे एक आरोपी को दौड़ाकर पकड़ लिया, जबकि दूसरा बचकर भाग जाने में सफल रहा।

## शाहबाज शरीफ ने दूसरी बार ली पीएम पद की शपथ

इस्लामाबाद। शहबाज शरीफ ने सोमवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। वह 2022 के बाद दूसरी बार देश की बागडोर संभालेंगे। शहबाज ने दूसरी बार ऐसे समय में पाकिस्तान की बागडोर संभाली है, जब देश आर्थिक बदहाली का सामना कर रहा है। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने राष्ट्रपति भवन ऐवान-ए-सद्र में आयोजित एक समारोह में 72 वर्षीय शहबाज को पद की शपथ दिलाई। संक्षिप्त समारोह पवित्र कुरान के पाठ के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद शपथ ग्रहण हुआ। समारोह में तीनों सेनाओं के प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी, राजनयिक, प्रमुख कारोबारी, नागरिक समाज और मीडिया संगठनों के सदस्य शामिल हुए।

## योगी मंत्रिमंडल का तीसरा विस्तार आज

**विशेष संवाददाता**

- दो कैबिनेट, दो राज्यमंत्री और एक स्वतंत्र प्रभार के मंत्री का होगा शपथ

लखनऊ। यूपी में योगी कैबिनेट के विस्तार का दिन और समय लगभग फाइनल हो गया है। मंगलवार पांच मार्च को शाम पांच बजे मंत्रिमंडल के विस्तार की तैयारी हो रही है। इस बार पांच मंत्रियों को योगी कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। इसमें दो कैबिनेट, दो राज्यमंत्री और एक स्वतंत्र प्रभार का मंत्री हो सकता है। योगी 2.0 सरकार का यह तीसरा कैबिनेट विस्तार होगा। दूसरे विस्तार के बाद योगी के मंत्रिमंडल में 52 मंत्री हैं। फिलहाल मंत्रिमंडल में आठ मंत्रियों की जगह खाली है। इससे पहले शुक्रवार को सीएम योगी ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से राजभवन जाकर मुलाकात की थी। सूत्रों के अनुसार योगी के तीसरे विस्तार में जिन विधायकों का नाम लगभग फाइनल है उसमें सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर और दारा सिंह चौहान के अलावा सपा नेता आजम खान को जेल पहुंचाने वाले रामपुर के विधायक आकाश सक्सेना का नाम शामिल है। जयंत की पार्टी रालोद से दो मंत्री बनाए जा रहे हैं। रालोद के राजपाल बालियान और अशरफ अली को मंत्री बनाया जाएगा। मंत्रिमंडल विस्तार की सूचना सहयोगी ...शेष पृष्ठ 10 पर

# प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-पूरा भारत है मेरा परिवार

## लालू के हमले पर मोदी का पलटवार

**एजेंसी**

आदिलाबाद (तेलंगाना)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परिवार ना होने को लेकर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के हमले पर पलटवार करते हुए सोमवार को पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक खुली किताब बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम आयु में ही घर छोड़ दिया था। जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने परिवारवादी दलों पर हमला बोला और कहा कि उनके अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है। राष्ट्रीय जनता दल के ...शेष पृष्ठ 10 पर



तेलंगाना में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किया सम्मानित

## तेलंगाना में 56,000 करोड़ की सौगात

**एजेंसी**

आदिलाबाद (तेलंगाना)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना में बिजली, रेल और सड़क क्षेत्रों से संबंधित 56,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में देश की आर्थिक प्रगति का भी उल्लेख किया। यहां प्रधानमंत्री के आधिकारिक समारोह में राज्य की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन और मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी सहित अन्य लोग शामिल हुए। लंबे समय बाद तेलंगाना के किसी मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी की अगवानी की और ...शेष पृष्ठ 10 पर

# पर्यटन ने समग्र विकास व रोजगार को दी गति

## मुख्यमंत्री योगी ने 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

### अब यूपी में आ रहे प्रदेश की आबादी से दोगुने टूरिस्ट : सीएम

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बताते हुए खुशी जाहिर की है कि यूपी में आज प्रदेश की आबादी से दोगुनी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। सीएम योगी सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित पर्यटन विभाग की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग से जुड़ी सभी योजनाओं के लिए प्रदेश की जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहली बार प्रदेश के सभी 75 जनपदों में और सभी 403 विधानसभा क्षेत्र में किसी न किसी पर्यटन स्थल को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए प्रो पुअर योजना, मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना एवं जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर आधारित योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण एक साथ हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी को नया यूपी देखने को मिल रहा है। पर्यटन के दृष्टिकोण से हम केवल स्थल विशेष का विकास नहीं करा रहे, बल्कि इसके माध्यम से वहां के समग्र विकास, ईको सिस्टम और इम्पलायमेंट को गति देने का कार्य भी कर रहे हैं। सरकार की नियत साफ हो और गति में तीव्रता हो तो उसके परिणाम भी देखने को मिलते हैं। प्रदेश में सुरक्षा और कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति ने जहां यूपी के परसेप्शन को बदला है। वहीं सरकार द्वारा लिये गये फैसले का लाभ यूपी को प्राप्त हो रहा है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में अयोध्या धाम, नैमिष में नैमिष तीर्थ आज पुनर्जीवित हो गया है। विंध्यवासिनी कॉरीडोर नये रूप में है। बृजभूमि फिर से दुनिया को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। प्रयागराज का कुंभ, चित्रकूट, शुकतीर्थ, बौद्ध, सूफी, भक्ति और शक्ति के केंद्र के साथ ही हेरिटेज और ईको टूरिज्म को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाने का परिणाम है कि जिस यूपी में पहले कोई आना नहीं चाहता थाए आज प्रदेश की आबादी से दोगुने टूरिस्ट यहां आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने काशी, अयोध्या, मथुरा, प्रयाग, गोरखपुर का उदाहरण देते हुए कहा कि आज सभी जगह होटल बुक हैं, टैक्सियां बुक हैं, मार्केट कई गुना बढ़ चुके हैं, रेस्टुरेंट में तिल रखने की जगह नहीं मिल रही है है। आज पूरी दुनिया यूपी को देखना चाहती है। यूपी अब उपद्रव नहीं उत्सव की भूमि बन चुका है। जिस ...शेष पृष्ठ 10 पर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन सभागार में पर्यटन विभाग की विभिन्न योजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

### विकास प्राधिकरणों का फोकस 'ईज ऑफ लिविंग' पर हो

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास प्राधिकरणों का उद्देश्य सुनियोजित, संतुलित और तीव्र विकास को दिशा देना है। फोकस आम आदमी की सुविधा पर होना चाहिए साथ ही सभी विकास प्राधिकरणों को आय की नई संभावनाएं तलाशनी होंगी।

मुख्यमंत्री सोमवार को सहारनपुर, मीरजापुर, बांदा, बस्ती, अमरोहा और फिरोजाबाद की महायोजना-2031 का अवलोकन किया और नियोजित विकास के लिए निर्देश भी दिए। विशेष बैठक में मुख्यमंत्रीने कहा कि स्थानीय शिल्पकला और परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर विकसित किया जाए। प्रतिमाओं की स्थापना चौराहों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ईडी ने आठवीं बार केजरीवाल को भेजा समन, नहीं हुए पेश

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आठवें समन के बाद भी सोमवार को पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए और 12 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेशी की इच्छा जताई। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों ने कहा कि एजेंसी केजरीवाल के जवाब की समीक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि एजेंसी केजरीवाल को डिजिटल माध्यम से पेश होने की अनुमति नहीं दे सकती और पूछताछ के लिए उन्हें नौवां समन जारी कर सकती है। केजरीवाल ने कहा कि कानून में लिखा है कि ईडी की कार्यवाही न्यायिक कार्यवाही की तरह है। उन्होंने कहा इसका मतलब है कि एजेंसी एक अदालत की तरह है। अदालत में, किसी भी पक्ष को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थित होने की अनुमति है। अगर मैं वीडियो कॉन्फ्रेंस के लिए कह रहा हूं, जो मेरा अधिकार है, तो मुझे उम्मीद है कि वे इसकी अनुमति देंगे। मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने यह भी कहा कि अगर एजेंसी ऐसा निर्णय लेती है तो उन्हें अपनी पेशी की लाइव स्ट्रीमिंग पर कोई आपत्ति नहीं है।

## निर्दोष साबित होने तक नहीं लड़ूंगा कोई चुनाव : उपेंद्र सिंह

**विशेष संवाददाता**

- भाजपा ने उपेंद्र रावत को दिया था बाराबंकी से टिकट

लखनऊ। यूपी के बाराबंकी संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कथित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक होने के अगले दिन सोमवार को मामले की जांच कराने की मांग करते हुए घोषणा की है कि जब तक मैं निर्दोष साबित नहीं होता सार्वजनिक जीवन में कोई चुनाव नहीं लड़ूंगा। रावत ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल से पोस्ट किया, कि मेरा एक संपादित वीडियो वायरल किया जा रहा है, जो डीप फेक एआई तकनीक द्वारा जेनरेटेड है, जिसकी प्राथमिकी मैंने दर्ज करा दी है। इसी पोस्ट में रावत ने कहा, कि इसके संदर्भ में मैंने (पार्टी के) राष्ट्रीय अध्यक्ष से निवेदन किया है कि इसकी जांच करवायी जाये। जब तक मैं निर्दोष साबित नहीं होता सार्वजनिक जीवन में कोई चुनाव नहीं लड़ूंगा। भाजपा ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिये अपने 195 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी, जिसमें उपेंद्र सिंह रावत को बाराबंकी संसदीय क्षेत्र से दोबारा टिकट दिया गया है। भाजपा की इस घोषणा के अगले दिन उनका यह कथित आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुआ। उल्लेखनीय ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सांसद, विधायकों ने सदन में धांधली की तो चलेगा मुकदमा

## सदन में वोट, भाषण देने के लिए रिश्वत लेने पर सुप्रीम कोर्ट ने पलटा 1998 का फैसला

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सहमति का ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि सांसदों और विधायकों को सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोग से कोई छूट नहीं होती है।

न्यायालय के इस फैसले से सांसदों एवं विधायकों को संरक्षण देने संबंधी उसका झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले में 1998 का फैसला पलट गया है। यह मामला 1993 में पूर्व प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव की सरकार के लिए खतरा पैदा करने वाले अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने के लिए पांच झामुमो नेताओं के रिश्वत लेने से जुड़ा है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सात-सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि सदन के सदस्यों के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से भारतीय संसदीय लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है। पीठ ने कहा कि रिश्वतखोरी के मामलों में संसदीय विशेषाधिकारों के तहत संरक्षण प्राप्त नहीं है और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले में पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनाए गए 1998 के फैसले की व्याख्या संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है। अनुच्छेद 105 और 194 संसद और विधानसभाओं में सांसदों और विधायकों की शक्तियों एवं विशेषाधिकारों से संबंधित हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यायालय के इस फैसले को शानदार करार देते हुए कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा।



सांसदों और विधायकों को सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोग से कोई छूट नहीं होती है। सदन के सदस्यों के भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी से भारतीय संसदीय लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है।

मोदी ने इस फैसले से संबंधित एक रिपोर्ट सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा करते हुए लिखा, स्वागतम, माननीय उच्चतम न्यायालय का एक शानदार निर्णय, जो स्वच्छ राजनीति सुनिश्चित करेगा और व्यवस्था में लोगों के विश्वास को गहरा करेगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने पीठ के लिए फैसले का मुख्य भाग पढ़ते हुए कहा सांसद एवं विधायकों द्वारा रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट करते हैं। इस पीठ में न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा यह (भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी) संविधान की आकांक्षाओं और विचारशील आदर्शों के लिए विनाशकारी है और एक ऐसा राजतंत्र स्थापित करता है जो नागरिकों को एक जिम्मेदार, उत्तरदायी और प्रतिनिधित्व प्रदान करने वाले लोकतंत्र से वंचित करता है। न्यायालय ने पी.वी. नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई मामले में 1998 के फैसले में बहुमत और अल्पमत के तर्क का विश्लेषण करते हुए कहा कि उसने इस विवाद के सभी पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से फैसला सुनाया है- भले वह संविधान के अनुच्छेद 105 से संबंधित हो और 194 से जुड़ा हो, ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 21.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 15.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- 5 हजार करोड़ से बदलेगी सहारनपुर की तस्वीर (पृष्ठ-02)
- चकबन्दी अधिकारी सन्तकबीर नगर पदच्युत (पृष्ठ-02)
- भारत ने दी 64,400 टन प्याज निर्यात की अनुमति (पृष्ठ-11)
- रुपया दो पैसे की तेजी से 82.89 प्रति डॉलर (पृष्ठ-11)
- मूडीज ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया (पृष्ठ-11)


**विशेष खबर** ट्विन विमानवाहक ऑपेरशन देखने के लिए समुद्र में उतरेंगे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

# सैन्य साजो-सामान में आयात पर निर्भर नहीं रह सकता भारत

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय नौसेना के शीर्ष कमांडर अरब सागर में नौसेना के दो विमानवाहक पोतों में से एक पर आयोजित होने वाले एक अहम सम्मेलन में भारत की समुद्री सुरक्षा चुनौतियों की मंगलवार को व्यापक समीक्षा करेंगे।

इसके साथ ही वह सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में दोनों विमानवाहक पोतों को देखने के लिए समुद्र में उतरेंगे, जो भारतीय नौसेना की ट्विन कैरियर ऑपरेशन संचालित करने की क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। नौसेना कमांडरों के द्विवार्षिक सम्मेलन के पहले दिन सिंह ट्विन कैरियर ऑपरेशंस में विमानवाहक पोतों- आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य की युद्धक क्षमता का भी अवलोकन करेंगे। नौसैन्य कमांडर हिंद महासागर में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत के साथ लाल सागर और आसपास के इलाकों में विभिन्न मालवाहक पोतों पर हूती विद्रोहियों के हमले से पैदा हुई स्थिति समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान के साथ नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पाण्डे और वायु सेना प्रमुख वी आर चौधरी भी भाग लेंगे। वे क्षेत्रीय सुरक्षा के बदलते माहौल के बीच तीनों सेवाओं के बीच तालमेल बढ़ाने के तरीकों समेत व्यापक मुद्दों पर नौसैन्य कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा, वे देश की रक्षा और भारत के राष्ट्रीय हित में तीनों सेवाओं का तालमेल और तत्परता बढ़ाने के रास्तों को तलाशेंगे। यह सम्मेलन नौसेना के कमांडरों के लिए समुद्री सुरक्षा से संबंधित रणनीतिक गतिविधियों के साथ ही वरिष्ठ सरकारी पदाधिकारियों से बातचीत करने के उद्देश्य से एक मंच उपलब्ध कराता है। मधवाल ने बताया कि इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में रक्षा मंत्री ट्विन कैरियर ऑपरेशंस चलाने की भारतीय नौसेना की क्षमता का प्रदर्शन करने ...शेष पृष्ठ 10 पर



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रक्षा संबंधी मामलों पर वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी से वार्ता हुई

## बुलंदशहर की नहर में गिरी वैन, तीन की मौत

**जिला संवाददाता**

- मृतकों में दो बहनें और एक भाई शामिल
- तीन अन्य लापता, राहत एवं बचाव कार्य जारी

बुलंदशहर। जिले के जहांगीरपुर थाना इलाके में एक वैन के नहर में गिर जाने से दो बहनों और एक भाई की मौत हो गयी तथा तीन लोग अभी लापता है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार घटना रविवार रात की है जब आठ लोगों से भरी वैन जहांगीरपुर क्षेत्र के कपना नहर में गिर गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि रविवार देर रात बरसात काफी तेज़ हो रही थी और तभी यह सूचना मिली कि थाना जहांगीरपुर क्षेत्र में कपना नहर में एक वैन गिर गई है। एसएसपी ने बताया कि नहर के ठीक बगल में एक मंदिर का प्रांगण है, जिसमे बाढ़ पीएसी (प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी) के कर्मी रुके हुए थे। आवाज सुनते ही उन्होंने तत्काल पांच लोगों को वहां से निकाला जिसमें से दो पूरी तरह सुरक्षित हैं और तीन लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान ककोड़ थाना इलाके के शेरपुर गांव निवासी कांता (22), मनीष (21) और अंजलि (18) के रूप में हुई है। शेष तीन लोग अभी नहीं मिले हैं। पुलिस के अनुसार मृतकों में दो बहनें और एक भाई है। एसएसपी ने बताया कि लापता ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K



# अर्थव्यवस्था की दोगुनी रफ्तार
# डबल इंजन की सरकार



उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने प्रधानमंत्री जनधन योजना, पीएम स्वनिधि योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना जैसी योजनाओं का लाभ बड़े पैमाने पर लोगों को दिलाते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। टैक्सपेयर्स के लिए नियमों एवं प्रक्रियाओं को सरल किया गया है। बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं को सकारात्मक माहौल मिला है, जिससे उनकी सेवाओं में भी अभूतपूर्व विस्तार देखने को मिल रहा है। बेहतर प्रबंधन एवं राजकोषीय अनुशासन से प्रदेश की आय में वृद्धि हुई है, राज्य रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में उभरा है। पिछले 7 वर्ष में राज्य की जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हुई है। प्रदेश में 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' एवं 'ईज़ ऑफ लिविंग' पर समान रूप से बल दिया गया है।

**यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित**

**आईटीआर भरने वालों में दूसरा स्थान**

| वर्ष 2014 | वर्ष 2023 |
|---|---|
| 1.65 लाख | 12 लाख |

**एस.जी.एस.टी./ वैट में लगाई ऊंची छलांग**

वर्ष 2016-17 में
**₹51,883 करोड़**

2022-23 में
**₹1.25 लाख करोड़**

### बैंकों द्वारा ऋण वितरण

| वर्ष 2016-17 में | वर्ष 2022-23 | वर्ष 2023-24 (दिसंबर तक) |
|---|---|---|
| ₹1,37,452 करोड़ | ₹3,00,430 करोड़ | ₹2,98,551 करोड़ |

### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में ऋण वितरण (विभिन्न श्रेणियों में)

| शिशु | किशोर | तरुण |
|---|---|---|
| ₹16,291 करोड़ | ₹18,741 करोड़ | ₹12,396 करोड़ |

### बैंकिंग व्यवसाय

वर्ष 2016-17
₹12.80 लाख करोड़

वर्ष 2023-24
₹26.80 लाख करोड़

**बैंकों/अन्य वित्तीय संस्थाओं से फंड जुटाने में अग्रणी**

2013-14 में
**1.1% हिस्सेदारी**

2022-23 में
**16.2% हिस्सेदारी**

- ₹36,000 करोड़ रुपये से 86 लाख किसानों का ऋण मोचन
- वर्ष 2023-24 में 59% सीडी रेशियो प्राप्त, वर्ष 2024-25 के लिए 65% का लक्ष्य निर्धारित
- वर्ष 2017 से अब तक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 4.59 करोड़ नए लाभार्थी जुड़े, 5.54 करोड़ कुल नामांकन
- वर्ष 2017 से अब तक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 1.67 करोड़ नए लाभार्थी जुड़े, 1.90 करोड़ कुल नामांकन
- 2.28 लाख बैंक मित्र एवं बीसी सखी कार्यरत
- त्वरित आर्थिक विकास योजना हेतु ₹2,400 करोड़ की व्यवस्था
- 19,705 बैंक शाखाओं का संचालन, 17,852 से अधिक एटीएम संचालित
- ग्राम पंचायतों में 1.80 लाख से अधिक जन सेवा केंद्र संचालित
- सहकारी बैंकों द्वारा वर्ष 2023-24 में अब तक ₹8,787 करोड़ से अधिक का अल्पकालिक ऋण वितरण




**यूपी ₹1,174.32 करोड़ के डिजिटल लेन-देन के साथ देश का अग्रणी राज्य**

**पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ₹2,412 करोड़ वितरित, देश में सर्वाधिक**

**प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत 9 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए**

**देश में सर्वाधिक व्यापारी जीएसटी में पंजीकृत**

- सहकारी बैंकों द्वारा वर्ष 2023-24 में अब तक ₹257 करोड़ से अधिक का दीर्घकालिक ऋण वितरित
- सहकारी बैंकों द्वारा किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए ₹525 करोड़ की व्यवस्था
- वर्ष 2023 के प्रथम 6 माह में वार्षिक ऋण वितरण योजना के तहत बैंकों के माध्यम से ₹2.06 लाख करोड़ का ऋण वितरित
- मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना में मृत्यु/दिव्यांगता पर अधिकतम ₹10 लाख की सहायता
- मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत अधिकतम ₹5 लाख की सहायता
- 4.18 लाख से अधिक पशुपालकों को क्रेडिट कार्ड वितरित
- अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 1.18 करोड़ नामांकन
- ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एक निजी बैंक द्वारा 150 वनटांगिया ग्रामों को अपनाते हुए 75 स्मार्ट क्लास सहित अन्य विकास कार्य











## नये यूपी की पहचान - सुरक्षा, समृद्धि एवं सुशासन

संक्षेप

## लामबंद हुए शिक्षक बीईओ को सौंपा ज्ञापन

सुलतानपुर । कुड़वार बीआरसी पर शिक्षकों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर शिक्षक लामबंद हुए। समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा को खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष निजाम खान के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षको ने ज्ञापन ज्ञापन नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन में शिक्षा निदेशक के नाम बच्चों की उपस्थिति माध्यान्ह भोजन की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव, विभाग द्वारा केवल टैबलेट उपलब्ध कराया गया, परन्तु विभागीय सिमकार्ड नहीं उपलब्ध कराया गया। निरीक्षण कर्ता अधिकारियों द्वारा शिक्षको को अपने व्यक्तिगत आई डी से सिमकार्ड खरीदने का दबाव बनाया जा रहा जो कि नियमानुकूल नही है एव शिक्षकों का उत्पीड़न है। प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा उ प्र शासन लखनऊ के साथ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रतिनिधि मंडल की 30 अक्टूबर एव 9 नवम्बर 2023 को वार्ता के उपरांत भी समस्या का समाधान नही किया गया। समस्याओं का निस्तारण न करके केवल शिक्षको का उत्पीड़न किया जा रहा है। संघ के प्रमुख मांग शिक्षकों को टैबलेट सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कॉर्ड उपलब्ध कराया जाए। राज्य कर्मचारियों की भांति एक कलेण्डर वर्ष में 31 दिवस का उपार्जित अवकाश प्रत्येक माह का द्वितीय शनिवार को सेकंड शनिवारअवकाश तथा अर्ध आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जाएं।

# मतदाता जागरूकता वैन को डीएम ने दिखायी हरी झंडी




रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर से मतदान जागरूकता हेतु मतदाता जागरूकता एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य जनपद में लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करना है। यह वैन सभी विधानसभा क्षेत्र में जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त स्वीप कार्यक्रमो के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। प्रशासन का पूरा प्रयास रहेगा कि इस बार मतदान प्रतिशत और बढे।उन्होंने ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी तैयारियां अभी से की जा रही है। जिससे कि पारदर्शी और निष्पक्ष मतदान हो सके। उन्होंने जनपद वासियों से कहा कि आप सभी लोग अपने मतदान का अवश्य प्रयोग करें। यह हम लोगों का अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है।

## एनएचएआई के अधिकारियों ने बिना मुआवजा दिए दर्जनों मकानों को तोड़ा

ऊंचाहार,रायबरेली। लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग के चैड़ीकरण में एनएचएआई के अधिकारियों ने बिना मुआवजा दिए दर्जनों मकानों को तोड़ दिया ।इस कार्रवाई से अक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा है ।ग्रामीणों ने बिना मुआवजा प्राप्त किए सड़क निर्माण न होने देने की चेतावनी दी है । ज्ञात हो कि लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग का इस समय चैड़ीकरण हो रहा है ।फोर लेन की बन रही सड़क के लिए राजमार्ग के किनारे बने भवनों का धवस्तीकरण किया जा रहा है ।शुक्रवार को क्षेत्र के सवैया हसन गांव के कई मकानों को एनएचएआई द्वारा ढहा दिया गया ।इस कार्रवाई के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए , और ग्रामीणों ने हंगामा करना शुरू कर दिया ।ग्रामीणों का कहना है कि गांव के जहीर खान , गोवर्धन अवस्थी , इशरत शाह , इसराइल अली , शीलू अग्रहरी , इस्लाम शाह , , सोनू अग्रहरी , बचई सेठ , पवनसुत , अब्दुल सत्तार खान , सुहील खान , सरताज खान, कृपा शंकर अवस्थी और मो रफीक खान का भवन तोड़ा गया है , किंतु इन ग्रामीणों को मुआवजा नहीं दिया गया ।ग्रामीणों ने चेतावानी दी है कि जब तक उनके भवन का मुआवजा नहीं मिल जाता , तब तक वह सड़क का निर्माण नहीं होने देंगे ।

# पुश्तैनी जमीन पर हक पाने के लिए दो माह से धरने पर बैठा परिवार

**ऊंचाहार,रायबरेली।** अपनी पुस्तैनी भूमि धरी जमीन पर अपना हक पाने के लिए एक गरीब पदिवार दो माह से जिला मुख्यालय पर धरने पर बैठा है । सरकारी जिम्मेदारों की बेरुखी से हताश होकर इसने अब पैदल लखनऊ जाकर राज्यपाल से मिलने की योजना बनाई है ।यही नहीं उसने निराश होकर धर्म परिवर्तन की धमकी भी दी है । मामला ऊंचाहार एनटीपीसी रोड के किनारे एक भूखंड का है । नगर के खरौवा कुआं निवासी इंद्रेश कुमार का आरोप है कि उसके साथ छल करके उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया गया है ।उसके पिता राम प्यारे चैरसिया ने पांच साल पहले अपनी जमीन से ढाई विश्वा जमीन हरिकिशन मौर्य को विक्री की थी ।

किंतु भूमि क्रेता ने उसकी शेष जमीन पर भी कब्जा कर लिया है। मौके पर उसकी करीब सात विश्वा जमीन शेष है , किंतु उसे मात्र करीब ढाई विश्वा जमीन ही मिल पाई है । इस बारे में वह लगातार अधिकारियों की चैखट पर दस्तक दे रहा है ।कुछ दिन पूर्व राजस्व अधिकारियों ने उसकी भूमि की पैमाइस की तो उसे बताता कि उसकी शेष जमीन नाला और सड़क में चली गई है । तब से गरीब अपनी जमीन के लिए परेशान है ।

### पीड़ित परिवार दो माह से जिला मुख्यालय पर दे रहा धरना

राजस्व अधिकारियों की मनमानी के विरुद्ध गरीब किसान विगत दो माह से जिला मुख्यालय के विकास भवन परिसर में पेड़ के नीचे धरने पर बैठा है । उसका कहना है कि तहसील के जिम्मेदार अधिकारी भूमाफियाओं से मिलकर उसकी जमीन पर कब्जा करवा रहे हैं । अधिकारियों की मनमानी से आजिज आकर वह 11 मार्च को कलेक्ट्रेट से पैदल राज्यपाल से मिलने के लिए लखनऊ जायेगा । वह राजभवन में हिंदू धर्म का त्यागकर दूसरा धर्म अपनाएगा , क्योंकि हिंदू धर्म की सरकार में उसके साथ अन्याय हुआ है और उसे अपमानित किया गया ।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।बीती रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने एक युवक को टक्कर मार दिया, टक्कर लगने से युवक की घटना स्थल पर मौत हो गयी, वहीं चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया।

सूचना पर पहुँची पुलिस ने ट्रेक्टर को थाने लायी। घटना क्रम के मुताबिक जुड़ापट्टी गाँव निवासी तेज बहादुर यादव उम्र 26 वर्ष को तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने टक्कर मार दिया, जब वह गाँव मे शौच के लिए जा रहा था।टक्कर लगने से युवक की घटनास्थल पर मौत हो गयी। वहीं मृतक के चाचा बृज बिहारी यादव ने अज्ञात चालक के खिलाफ तहरीर दिया है।प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने बताया की अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।मृतक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## कैंडल लेकर छात्राओं ने ली सेवा में ईमानदारी की शपथ



सुलतानपुर (वीओएल)।केएनआईएमटी के नर्सिंग संकाय की जीएनएम तथा एएनएम की नव प्रवेशित छात्राओं ने कैंडल के सामने सेवा में ईमानदारी की शपथ ली। रविवार को कैंपस में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके अतिथियों का मनमोह लिया।परिसर में संकाय की ओर से आयोजित लैंप लाइटिंग एण्ड सेरेमनी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकीय मेडिकल कॉलेज, सुलतानपुर के प्राचार्य डा. सलिल श्रीवास्तव ने छात्राओं को सेवा के दौरान वफादार रहने की सीख दी। कार्यक्रम को वरिष्ठ चिकित्सक डा. जेपी सिंह, डा. सुधाकर सिंह, सीएमएस पुरूष चिकित्सालय डा. एसके गोयल, सीएमएस महिला चिकित्सालय डा. आरके यादव, डा. संगीता श्रीवास्तव आदि ने भी संबोधित किया। अतिथियों ने संकाय की शिक्षा व छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम को सराहा। संकाय के निदेशक डा. महेश प्रसाद ने कहा कि कमला नेहरू संस्थान सिर्फ शिक्षा और अनुशासन दो ही चीजों से जाना जाता है।उन्होंने कॉलेज के बारे में जानकारी देते हुए सभी का आभार जताया।इसके पहले अतिथियों के साथ इंजीनियरिंग संकाय के निदेशक डा. डीएस पुन्डीर, डीन एकेडमिक रत्नेश सिंह, नर्सिंग संकाय के प्रशासक राजेश कुमार दूबे, प्राचार्य रजनी नगपुरे ने मां सरस्वती तथा संस्थान के संस्थापक बाबू केएन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।मंच का संचालन रोमा चैधरी ने किया।वहीं सुरभि सिंह ने छात्राओं को शपथ दिलाई।इस मौके पर चंद्रावती दूबे, आयशा खान, अंशिका मिश्रा, श्रद्धा, प्रगति मिश्रा, संयोगिता श्रीवास्तव, दीपशिखा, रिचा सिंह, अंजलि, आरती मौर्या, तारा देवी आदि मौजूद रहे।

## जीएनएम की कीर्ति अग्रहरि बनी मिस फ्रेशर




सुलतानपुर (वीओएल)।कमला नेहरू संस्थान के नर्सिंग संकाय में जीएनएम तथा एएनएम सत्र 2023-24 में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में केएनआईएमटी के निदेशक डा. महेश प्रसाद रहे।कीर्ती अग्रहरि को मिस फ्रेशर चुना गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, प्रशासक राजेश दूबे एवं प्राचार्य रजनी नगपुरे के द्वारा मां सरस्वती एवं संस्थापक बाबू केएन सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के मध्य में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें जीएनएम की अंजलि द्वारा शिव तांडव नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं काजोल पाल और तेजल जायसवाल का राधा-कृष्ण डांस और क्षमा तथा शिवानी का ह्यराम आयंगेह्व का डांस सबका मनमोह लिया। निदेशक डा. महेश प्रसाद ने छात्राओं को सदैव अपने लक्ष्य के प्रति केन्द्रित रहने के लिए सजग किया।प्रशासक राजेश दूबे ने कहा कि सभी छात्राएं जीवन में सदैव नकारात्मकता से दूर रहने तथा अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या द्वारा छात्राओं को भी लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित एवं दिशा निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के अंत में जीएनएम प्रथम वर्ष की कीर्ति अग्रहरि को मिस फ्रेशर चुना गया।मंच का संचालन शिवानी मिश्रा और प्रज्ञालता ने किया। कॉलेज के प्रबंधक, पूर्व मंत्री एवं विधायक विनोद सिंह ने कार्यक्रम की सराहना की एवं छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं जीएनएम की आर्या मौर्या एवं एएनएम की रोशनी शुक्ला रनअप रहीं।इस मौके पर चंद्रावती दूबे, आयशा खान, अंशिका मिश्रा, श्रद्धा, प्रगति मिश्रा, संयोगिता श्रीवास्तव, दीपशिखा, रिचा सिंह, अंजलि, आरती मौर्या, तारा देवी आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत डींगुरपुर बनकेगांव, वि.ख. मोतिगरपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-04.03.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डींगुरपुर बनकेगांव, वि.ख. मोतिगरपुर, सुलतानपुर में मनरेगा योजना अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 05.03.2024 से दिनांक 09.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत डींगुरपुर बनकेगांव पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक-09.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | संजय के खेत से पवन के खेत तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 7,10,748 रुपये। | जिगजैग ईंट, सीमेंट, मोरंग व अन्य सामग्री। |

**नोट-** सभी नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- डींगुरपुर बनकेगांव, वि.ख.- मोतिगरपुर
जनपद-सुलतानपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत हमजाबाद, वि.ख. मोतिगरपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-04.03.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हमजाबाद, वि.ख. मोतिगरपुर, सुलतानपुर में पंचम वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 05.03.2024 से दिनांक 11.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत हमजाबाद पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 11.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | माता प्रसाद के चक से संजय विश्वकर्मा के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 4.74 लाख। | जिगजैग ईंट, सीमेंट, मोरंग व अन्य सामग्री। |
| 2 | गया प्रसाद के बगल खड़ंजा से मनोज सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 2,17,487 रुपये। | जिगजैग ईंट, सीमेंट, मोरंग व अन्य सामग्री। |

नोट- सभी नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- हमजाबाद, वि.ख.- मोतिगरपुर
जनपद-सुलतानपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत सोनारा, वि.ख. कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-04.03.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सोनारा, वि0ख0 कूरेभार, सुलतानपुर में मनरेगा योजना अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 05.03.2024 से दिनांक 09.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत सोनारा पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 09.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | नहर से अमरजीत वर्मा के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 11.90 लाख। | इण्टरलॉकिंग ईट व अन्य सामग्री। |
| 2 | मदरसा से कब्रिस्तान तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 12.44 लाख। | इण्टरलॉकिंग ईट व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- सोनारा, वि.ख.- कूरेभार
जनपद-सुलतानपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत लमकना दूबेपुर, वि.ख. कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-04.03.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लमकना दूबेपुर, वि0ख0 कूरेभार, सुलतानपुर में मनरेगा योजना अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 05.03.2024 से दिनांक 09.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत लमकना दूबेपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक-09.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक शौचालय से नहर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 9.82 लाख। | इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |
| 2 | विनोद सिंह के घर से पुराने पंचायत भवन तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 10.51 लाख। | इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- लमकना दूबेपुर, वि.ख.- कूरेभार
जनपद-सुलतानपुर


# एनटीपीसी ऊंचाहार में मना 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस




ऊँचाहार, रायबरेली। सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति समर्पित रहते हुए कार्यविधियों का यथाशक्ति अनुपालन तथा लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रेरणादायी अभिवृत्तियों की तरफ उन्मुख होकर सम्पूर्ण सुरक्षा के साथ हमें अपने दैनिक कार्य को संपादित करना है। इस संकल्प को केन्द्र में रखकर एनटीपीसी ऊंचाहार में मुख्य महाप्रबंधक मनदीप सिंह छाबड़ा ने उपस्थित जनसमूहों को सुरक्षा शपथ दिलाई तथा अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्घटनाएं और व्यावसायिक बीमारियां राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को दुर्बल बनाती हैं तथा व्यक्ति, समाज एवं उद्योग के लिए हानिकारक होती हैं।श्री छाबड़ा ने कहा कि एनटीपीसी में बहुत ही उत्कृष्ट सुरक्षा कार्य नीति है। हम सभी को उसी सुरक्षा नीति के तहत अपने-अपने कार्यक्षेत्र में कार्य करना है क्योंकि जीवन अनमोल है।

एनटीपीसी ऊंचाहार राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह बहुत ही आकर्षक रूप में मनाया गया। सबसे पहले परियोजना परिसर में प्रभात फेरी निकाली गई, जिसका नेतृत्व मुख्य महाप्रबंधक ने सभी महाप्रबंधकों सहित किया। सुरक्षा जागरूकता को विस्तार देने के लिए नुक्कड़ नाटक तथा अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उल्लेखनीय है कि सुरक्षा विभाग द्वारा एक सप्ताह तक विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे पोस्टर, निबंध-नारा लेखन व प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन किया गया, जिनमें कर्मचारियों व उनके परिवारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके अलावा मुख्य समारोह में संविदा श्रमिकों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सुरक्षा के प्रति जागरूकता का शानदार प्रदर्शन किया गया। सभी प्रतियोगियों तथा कलाकारों को इस अवसर पर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा कॉन्ट्रैक्ट लेबर एप्रिसेशन अवार्ड प्रोग्राम (क्लैप) के तहत संविदा कर्मियों को भी पुरस्कृत किया गया। समारोह में महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) के डी यादव, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजेश कुमार, अन्य विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के प्रभारी सहित बड़ी संख्या एनटीपीसी कर्मचारी व संविदा श्रमिक की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक (सुरक्षा) राकेश साहू ने किया तथा अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) जितेन्द्र कुमार ने आभार व्यक्त किया।

# राइजिंग चाइल्ड स्कूल का मनाया गया वार्षिकोत्सव




रायबरेली।स्वच्छ भारत, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण, नई शिक्षा नीति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए जागरूक करते हुए राइजिंग चाइल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। रायबरेली शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में हुए वार्षिकोत्सव का उदघाटन जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।विद्यालय के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया।

प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए कहा कि मनोरंजक तरीके से बच्चों को शिक्षित कर संस्कारवान बनाना विद्यालय का प्रमुख लक्ष्य है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बच्चों में बहुमुखी विकास के लिए राइजिंग चाइल्ड स्कूल के प्रयासों की सराहना भी किया। ह्लमाँ मुझे अपने आँचल में छुपा लेह्व, ह्लआओ चलें स्कूलह्व, ह्लहम छोटे छोटे बच्चे हैंह्व, आदि गीतों पर समूह नृत्य कर बच्चों ने खूब तालियाँ बटोरीं।आद्विका, तिश्या, मरियम, शाश्वत, वाघमी, आराध्या, शिवांग, आश्विका, आरवी, रुद्र, अन्वी, पार्थ, उर्विजा, आद्या, तनीषी आदि बच्चों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए पुरुस्कार प्रदान किए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी नवदीप शुक्ला, सीओ सलोन वन्दना सिंह, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रियंका सिंह, डॉ. मनीष चैहान, डॉ. बृजेश सिंह, सिविल जज अनीता सिंह, डॉ. ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी, डॉ. संजीव जायसवाल, इनरव्हील क्लब की पूर्व अध्यक्ष संध्या भार्गव, सीमा भार्गव, अर्चना सिकरिया, डॉ. विपिन गुप्ता, रोटरी क्लब के अध्यक्ष राकेश कक्कड़, विकास दीक्षित ने उपस्थित रहकर बच्चों का पुरुस्कृत किया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय सेवाएँ और योगदान देने वाले विवेक सिंह, बबिता दीक्षित, जितेन्द्र भारतीय, रवि सिंह, अभिषेक वर्मा, नेहा चावला सहित ग्यारह प्रतिभाओं का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान भी विद्यालय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्मृति बाजपेई, ऐना वर्मा, रुचि भटनागर, समीरा, ओजस श्रीवास्तव, रित्विक गुप्ता, प्रतीक श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रवींद्र नाथ हरि, अमित, अशफिया, आकृति, शालिनी, सुष्मिता, नेहा, जेबा, मोनिका, पूर्णिमा, श्रुति, अदिति, मन्तशा, रमशा, अंजलि, कृतिका, प्रिया, शिवली, रत्नेश, जीनिया, ज्योति, श्वेता, शिखा, प्रेमलता, प्रियंका, निहारिका, ऐनी, आरती, शिवली, शिफा, नम्रता, वन्दना, स्नेहलता, रीना, तौफीक का सहयोग सराहनीय रहा।

# पेंशनरों ने सीएम से की समस्याओं के निदान की मांग

## जुलूस निकालकर पहुंचे कलेक्ट्रेट, प्रशसन के माध्यम से भेजा 17 सूत्री ज्ञापन



सुलतानपुर (वीओएल)। सोमवार को संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के निर्देश पर पेंशनर्स तिकोनिया पार्क में एकत्रित हुए।विचार विमर्श के बाद सीएम को संबोधित 17 सूत्री मांगपत्र का ज्ञापन डीएम कार्यालय पहुंच कर एसडीएम सदर को दिया।

पेंशनर्स की मांग थी कि प्रमुख सचिव, वित्त विभाग की अध्यक्षता में गठित पेंशनर सलाहकार बैठक का अयोजन किया जाए। 30 जून व 31 दिसंबर को रिटायर्ड कर्मियों को काल्पनिक वेतन वृद्धि का लाभ देते हुए 65, 70 व 75 वर्ष की आयु में रिटायर्ड होने पर क्रमशः 5, 10 व 15 प्रतिशत पेंशन वृद्धि की जाय।रिटायर्ड के दौरान 15 वर्ष के बजाय 12 वर्ष में राशिकृत धनराशि की बहाली करते हुए विधवा पुत्रवधु को पारिवारिक पेंशन का लाभ दिया जाए। तदर्थ सेवाओं का पेंशनर लाभ देते हुए केंद्रीय कर्मियों की तरह पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए। नई पेंशन योजना के तहत चयनित कर्मियो को रिटायर्ड होने के बाद निशुल्क चिकित्सा लाभ सार्वजनिक उपक्रमों से रिटायर्ड होने पर सिविल पेंशनर्स की तरह निशुल्क चिकित्सा दी जाय।

विधवा पुत्र वधु को आश्रित मानते हुए चिकित्सा सुविधा व नियमावली 2011 मे अंकित आश्रित की न्यूनतम आय में वृद्धि की जाय। पंडित दीन दयाल उपाध्याय निशुल्क चिकित्सा योजना में ऑनलाइन आवेदन व हेल्थ कार्ड डाउनलोड को सरल बना प्रदेश से बाहर रह रहे पेंशनर्स को निशुल्क चिकित्सा का लाभ दिया जाए। प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना से संबद्ध निजी चिकित्सालयों विशिष्ट सुविधा उपलब्ध कराते हुए परिवहन निगम की बसों के किराये में छूट दी जाय। शासन द्वारा गठित समाधान फोरम में पेंशनर्स प्रतिनिधि का नामांकन व प्रदेशीय पेंशनर संगठनों के दो पदाधिकारियों को सचिवालय पास जारी किया जाय। इस मौके पर सहसंयोजक डा. देवी रमण त्रिपाठी, चिंता मणि शर्मा, बसन्त पाठक, जिला मंत्री झिनकू पांडेय, राम उजागिर, अशोक बाबू पाठक, राम कुमार दुबे, अजय कुमार सिंह, मूलचंद्र पांडेय, जनार्दन प्रसाद पांडेय, घनश्याम श्रीवास्तव आदि रहे।

## कन्या विवाह योजना में 83 जोड़ों ने लिए सात फेरे



बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)। तीन ब्लाकों के 95 जोड़ों में से 85 जोड़ों ने एक दूसरे का दामन थामा। बल्दीराय ब्लॉक परिसर में कुड़वार, कादीपुर व बलदीराय में सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत 83 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार व मांगलिक गीतों के बीच पावन परिणय सूत्र में बंधे। वही, दो मुस्लिम जोड़ों ने निकाह कुबूल किया। बल्दीराय ब्लॉक परिसर में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार आम आदमी की सरकार है। इसीलिए इस सरकार में आम आदमी के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की प्रगति आसान कर दी है। महिलाओं व लड़कियों के कल्याण के लिए इन योजनाओं का संचालन हो रहा है। इस योजना से गरीब परिवार की बेटियों को अधिक लाभ मिल रहा है। वहीं कुछ जोड़ों के देरी से आने पर उनकी शादी दूसरे बार में करायी गयी। तथा बाद में हुई शादी के जोड़ो को मौके पर समान न मिलने से कुछ जोड़ों के घर वालों के चेहरे पर नाराजगी भी दिखी। जिसे समाज कल्याण अधिकारी अभिषेक गिरी ने कहा की जिन जोड़ों का समान नहीं मिला है उन्हें बुधवार को समान दिलाया जायेगा। मौके पर शादी मंडप में गिनने के अनुसार पहली शिफ्ट में 61 व दूसरी शिफ्ट में 5 जोड़े व दो जोड़ों का निकाह हुआ। वही समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि 83 जोड़े हिन्दू व 2 जोड़े मुस्लिम समुदाय से थे। बताने के अनुसार गिनती और समाज कल्याण अधिकारी द्वारा बताए आंकड़ों में स्पष्ट नजर आता है। जो जांच का विषय है। वहीं गांव के नाम सहित सूची मांगने पर पत्रकारों को नहीं दी गई। जिससे ऐसा लग रहा है कि विवाह में बड़ा खेला खेला जा रहा है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजधर शुक्ला, तहसीलदार घनश्याम भारतीय, समाज कल्याण अमित सिंह, बीडीओ सत्यनारायण सिंह, एडीओ समाज कल्याण अभिषेक गिरि, एडीओ पंचायत दयावंत सिंह, प्रिंस सिंह, रोहित चन्द्रा आदि मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद को लेकर व्यक्ति पर पड़ोसियों ने किया हमला

लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। जमीनी विवाद के चलते घर में अकेले मौजूद व्यक्ति पर पड़ोसियों ने प्राण घातक हमला कर दिया तथा घर में लगे सीसी कैमरे तोड़ डालें और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। उधर दूसरे पक्ष ने भी तहरीर देकर प्रथम पक्ष पर मुकदमा दर्ज कराया। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के घरवासपुर निवासी रघुनंदन पांडे द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक वह रविवार की रात अपने घर में सो रहे थे, रात लगभग ढाई बजे पड़ोस के ही बृजेश मिश्रा, मोनिका मिश्रा तथा गुनजन मिश्रा आ गए और गाली देने लगे। विरोध करने पर घर के अंदर घुस गए और हाथ में लिए लाठी डंडा तथा लोहे की रॉड से हमला कर दिए तथा घर में लगे सीसी कैमरे को तोड़ डाले। इसके अलावा जान से मारने की धमकी भी दिए और पहले भी कई बार हमला कर चुके हैं। उधर बृजेश मिश्रा की तरफ से भी पुलिस को तहरीर दी गई। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि रघुनंदन पांडे की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की जा रही है। दूसरे पक्ष बृजेश मिश्रा की तहरीर पर भी मुकदमा लिखा जा रहा है। दोनों पक्ष में आपस में काफी दिनों से जमीनी विवाद चल रहा है।

# परीक्षा प्रणाली सुधारें

उत्तर प्रदेश में बीते महीने हुई दो प्रमुख प्रतियोगी परीक्षा, 'उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा' और 'समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा' को पेपर लीक के कारण रद करना पड़ा है। पहले पुलिस भर्ती परीक्षा को रद किया गया था और अब समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी प्रा. परीक्षा को रद कर दिया गया। इन परीक्षाओं में 50 लाख से अधिक युवाओं ने आवेदन किया था। महीनो की प्रशासनिक कसरत के बाद परीक्षाएं हुई थीं, लेकिन पहले ही दिन से इन परीक्षाओं की शुचिता पर ग्रहण लग गया था। पुलिस भर्ती में तो करीब-करीब तीन सौ सॉल्वर ही पकड़े गये थे। बाद में यह भी पता चला कि पेपर ही लीक हो गया। पेपर लीक होने का प्रमाण भी अभ्यर्थियों ने ही उपलब्ध कराया। इस तरह दो महत्वपूर्ण परीक्षाओं का पेपर लीक होना गंभीर चिंता का विषय है। आज जिस तरह युवाओं में सरकारी नौकरी को लेकर ललक बढ़ी है, सुरक्षित भविष्य, अच्छा वेतन, नियमित प्रमोशन और काम का कम से कम होना, यह सब ऐसी चीजें हैं जिसके कारण युवा सरकारी नौकरी पर अत्यधिक आकर्षित हो रहे हैं। हालांकि यह कहना कि पुलिस और आरओ-एआरओ में जितने अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी वे सभी बेरोजगार हैं, ऐसा नहीं है। इनमें बहुत से लोग नौकरी कर रहे हैं। प्राइवेट सेक्टर के साथ ऐसे भी हजारों अभ्यर्थियों ने इन परीक्षाओं में किस्मत आजमायी थी जो सरकारी नौकरी कर रहे हैं। आज अगर सबको रोजगार उपलब्ध कराना है तो इसके लिए आर्थिक प्रगति को तेज करने के साथ ही युवाओं में उद्यमिता को भी बढ़ावा देना जरूरी है। सरकारी सेवाओं में अत्यधिक आकर्षण होना ठीक है लेकिन यह भी ठीक नहीं है कि युवा स्कूल से निकलते ही सरकारी नौकरी की तलाश में लग जायें। कोशिश यह होनी चाहिए कि युवा उद्यमिता अपनायें और 'जॉब सीकर के बजाय जॉब क्रिएटर बनें' तभी बेरोजगारी का समाधान हो सकता है। लेकिन बेरोजगारी खत्म करने में सरकारी नौकरियों की भी एक भूमिका है। इसलिए सरकार को अपना रोजगार दायित्व बेहतर ढंग से निभाना चाहिए। सभी विभागों में आवश्यकता के अनुसार पदों का सृजन करना और उनको एक कैलेंडर बनाकर समयबद्ध तरीके से भरना जरूरी है। पुलिस भर्ती परीक्षा कई साल बाद हो रही है। आरओ-एआरओ वैकेंसी भी कई साल बाद निकली है। इसी तरह अन्य नौकरियों में भी होता है। सालों से पद खाली रहते हैं और सियासी लाभ के लिए चुनाव के समय भर्तियां निकाली जाती हैं। यह ठीक नहीं है। सरकार अपनी तरफ से अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देने का प्रयास करे। इसके लिए समयबद्ध भर्ती निकाली जाये, निष्पक्ष परीक्षा हो और योग्यता के आधार पर युवाओं का चयन। जहां तक पेपर लीक होने की बात है, तो जब एक साथ 45 लाख युवाओं को परीक्षा के लिए बुलाया जायेगा तो आज के संचार क्रांति के युग में पेपर की सुरक्षा कठिन है। इसलिए यह जरूरी है कि परीक्षाओं को ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ करने के लिए प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक इस्तेमाल हो। जिस देश में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हो चुकी हों, चंद पैसों की खातिर जहां लोग अपना ईमान बेच देते हों, वहां ऑफलाइन परीक्षा में पेपर लीक के मामले रुकना कठिन है। बेशक सरकारें इसके लिए सख्त कानून ही क्यों न बना दें। हमारे देश में कानूनों का पालन ही कितना होता है, अगर होता तो आज न तो पेपर लीक के मामले बढ़ते, न ही भ्रष्टाचार। पेपर लीक के मामले शायद कुछ ऐसे भी होंगे जो सुर्खियों में न आए हों। अंदरखाने ही मामला सेट कर लिया जाता है। इसलिए पेपर लीक होना चिंताजनक है, लेकिन परीक्षा रद करना उचित।




**प्रतियोगी परीक्षा को पुराने तरीके से कराने पर इसकी शुचिता बनाये रखना कठिन है, इसलिए प्रतियोगी परीक्षा में प्रौद्योगिकी को अपनायें।**

### विचार

किसी के बहुत सताने पर भी, उसे सताने का प्रयास नहीं करना चाहिए, क्योंकि दुखी प्राणी का शोक ही सताने वाले का नाश कर देता है।

–महाभारत.

धर्म–कर्म, सत्य–सदाचार, शक्ति एवं लक्ष्मी सभी शील पर आश्रित हैं। शील ही इन सबकी जड़ है।

–वेदव्यास.

इतिहास, पुराण साक्षी हैं कि मनुष्य के संकल्प के सम्मुख देव, दानव सभी पराजित होते हैं।

–इमर्सन.

संतोष को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इस मंत्र से कठिन से कठिन समय में मन विचलित नहीं होता।

–प्रेमचंद.

पूंजी तो मृत श्रम है जो जीवित श्रम का शोषण करते समय पिशाच की भांति जीवित रहती है और जितना अधिक जीवित रहती है, उतना ही अधिक शोषण करती है।

–कार्ल मार्क्स.

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनका काशी प्रेम



प्रो. आर. एन. त्रिपाठी

**भारतीय संस्कृति के प्राच्य वैभव को विकास की मुख्यधारा में लाकर मोदी ने लोगों के अंदर जो देश के प्रति नैतिक आस्था प्रकट की है, राष्ट्रवाद के नैतिक चिंतन का जो आयाम दिया है उसमें सबसे बड़ी उपादेयता काशी क्षेत्र की रही है। वह दिन दूर नहीं जब भगवान शंकर के त्रिशूल पर बसी अविनाशी काशी और सांस्कृतिक राजधानी प्रयाग और प्रभु श्रीराम की जन्म भूमि अयोध्या का यह सत्य सनातन संस्कृति का त्रिभुज संपूर्ण दुनिया में श्रद्धा भरी दृष्टि से देखा जायेगा।**

भूतभावन भगवान शंकर की नगरी काशी एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। इसकी वजह यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार यहां से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। दुनिया भर में अपनी प्रखर मेधा, सम्मोहक व्यक्तित्व और राजनीतिक कुशलता की धाक जमाने वाले नरेंद्र मोदी ने काशी को जमकर विकास की सौगात दी है। इसे भगवान विश्वनाथ की अनुकंपा और मां गंगा का आशीर्वाद ही कहा जाएगा कि नरेंद्र मोदी गुजरात से काशी आए और यहां की राजनीति में छा गए। काशी से उन्होंने जो राजनीति की निर्विघ्न विजय यात्रा प्रारम्भ की, वह देश-दुनिया में चर्चा के केंद्र में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 43 बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ चुके हैं और हर बार उन्होंने वाराणसी को करोड़ों-अरबों की विकासपरियोजनाएं दी हैं। काशी को केंद्र में रखकर सम्पूर्ण पूर्वांचल का अपरिमित विकास ही उनका सपना रहा है।

प्रधानमंत्री अपना क्षेत्र काशी चुनें, इसके पीछे कारण क्या है ? अगर इसकी गहन विवेचना करें तो पाएंगे कि बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश प्रमुख हिंदीभाषी क्षेत्र है। काशी इन प्रदेशों का हृदय स्थल है। यहां रहने वालों की लोकआस्था का केंद्र है। इन प्रदेश के व्यक्तियों के पूजा-पाठ का मुख्य धार्मिक स्थल यही है और हिंदू सनातन धर्म का जो प्रवाह चलता है, आज जो रणनीति का प्रधान त्वरण है, उस प्रवाह का त्रिकोण काशी अयोध्या और प्रयाग हैं और बीच में नाभि के रूप में विंध्याचल में मां विंध्यवासिनी का केंद्र है, ये सब अविनाशी काशी के 84 कोस परिक्रमा के विस्तृत क्षेत्र में ही आते हैं। मोदी ने समय की नजाकत को भांपते हुए भारत की हिंदू सनातन संस्कृति को सम्मान व सनातन मतावलम्बियों को सद्भाव प्रदान करने हेतु अपनी कर्मस्थली के रूप में काशी को चुना और काशी ने भी उनका दिल खोलकर सहर्ष स्वागत किया। भगवान विश्वनाथ का प्रसाद रहा कि तीसरी बार फिर वे यहीं से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। राजनीतिक नेपथ्य में जाएं तो पाएंगे कि वर्ष 1980 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पं. कमलापति त्रिपाठी भी काशी से लड़े थे और मंत्री बने थे। 1984 में श्याम लाल यादव भी काशी से ही लड़े थे और मंत्री बने थे। काशी कभी किसी को



निष्फल नहीं होने देती। कुछ न कुछ सबको फल मिलता ही रहता है। वर्ष 2014 में भाजपा के प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी नरेंद्र मोदी काशी से चुनाव लड़े। 3 लाख ज्यादा से वोटों से जीत हासिल की। 2019 में मोदी ने फिर काशी से अपनी चुनाव यात्रा शुरू की और 5 लाख मतों से विजयी बने। पिछली बार उनकी प्रतिद्वंदी शालिनी यादव थीं जो अब भाजपा में हैं।

**तीसरी बार वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे पीएम**

मोदी की काशी के प्रति जो राजनीतिक भाव भूमि है, उसके पीछे उनकी आस्था ही है। जन-जन की लोक आस्था के सम्मान की उनकी साधना का ही परिणाम है कि वे काशी ही नहीं, देश-दुनिया के चहेते नेता बने हुए हैं। जब उन्होंने सनातन धर्म के मंदिरों संस्थाओं मतों का सांस्कृतिक-संवर्धन शुरू किया तो सबसे पहले उन्होंने काशी को ही चुना, और विश्वनाथ धाम का ऐतिहासिक लोकार्पण स्वयं पूर्ण भक्तिभाव से किया। पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू भी प्रयागराज की फूलपुर लोकसभा निर्वाचन सीट से तीन बार जीते थे। उसके पीछे प्रयागराज के प्रति उनका विशेष अनुराग ही प्रमुख था। वाराणसी संसदीय क्षेत्र में हिंदुओं की आबादी 75प्रतिशत है जबकि यहां 20 प्रतिशत मुस्लिम है। पांच प्रतिशत अन्य धर्म के मानने वाले हैं। इस लोकसभा सीट की 65 प्रतिशत आबादी शहरी है और 35 फीसद ग्रामीण है जिसमें अनुसूचित जाति का प्रतिशत दस है और जनजातियों का भी प्रतिशत लगभग 0.7 है। राजनीति की हवा यहीं से उठती है। इसी लोकसभा के अनुगमन से जहां मिजार्पुर, चंदौली, जौनपुर और गाजीपुर की सीट बिना प्रयास सफल होती रहती है। पिछले चुनाव में डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, अनुप्रिया पटेल दोनों को इसी क्षेत्र के कारण मंत्री पद मिला। मनोज सिन्हा को रेल मंत्री पद मिला और बाद में पराजय के बाद भी उन्हें जम्मू-कश्मीर का राज्यपाल बनाया गया। उत्तर भारत विशेषकर हिंदी भाषी क्षेत्रों की राजनीति में काशी का महत्व लोक आस्था के केंद्र के नाते नेतृत्व करने वाले राजनीतिज्ञों के चुनाव के नाते तो है ही, इससे सटे 12-15 जिलों के जो बुद्धिजीवी, सभ्रांत चिंतक और राजनीति को दशा-दिशा देने वाले लोग हैं, वे लोग भी काशी में ही निवास करते हैं। सांस्कृतिक राजधानी और उसकी विरासत के रूप में काशी हिंदू विश्वविद्यालय भारत के वांग्मय और शास्त्रीय रक्षा की दृष्टि से संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, गांधीवाद और गांधी की कर्मभूमि पर आधारित काशी विद्यापीठ आदि शैक्षणिक स्थान भी महत्वपूर्ण है जो राजनीति की समयानुसार वोट निर्धारण की मीमांसा करते रहते हैं।

सांस्कृतिक संवर्धन में चाहे वह रामनगर की रामलीला हो, या रामेश्वर का काशी धाम हो, पंचकोसी परिक्रमा हो अथवा वर्तमान में बन रहा स्वर्वेद और सारनाथ जैसा पवित्र पावन स्थल हों, लोगों की दृष्टि काशी पर ही रहती है, उनकी इस दृष्टि को एक चिंतन मिलता है और जब वह चिंतन सकारात्मक रूप से सनातन संस्कृति के लिए मिलता है तो उसका परिणाम राजनीति में आज सफल दिखाई दे रहा है, जन-जन में ज्ञानवापी की मुक्ति और कृष्ण जन्म भूमि की चर्चा आम चर्चा बन गयी है और आस्था के भाव भरे जन जन सैलाब का नारा है कि अबकी बार, चार सौ पार। इसलिए काशी नेतृत्व करती चली आ रही है। प्रधानमंत्री का क्षेत्र होने का परिणाम यह हुआ कि काशी की परिधि में जितने जिले थे, आज वह सारे जिले नेशनल हाईवे से जुड़े हुए हैं। काशी परिक्षेत्र के लगभग 40 स्टेशनों का कायाकल्प हो चुका है काशी के परिधिस्थ पांच नए हवाई अड्डे बन चुके हैं। वाराणसी का अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बन चुका है। हस्तशिल्प का सबसे बड़ा केंद्र यानी संकुल काशी में ही है। सहकारिता के क्षेत्र का अमूल का दुग्ध उत्पाद सबसे बड़ा कारखाना लगभग 20000 लोगों को रोजगार दे रहा है, वह प्रधानमंत्री के क्षेत्र में ही बन रहा है। देश का सबसे बड़ा स्टेडियम काशी में बन रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी की काशी के प्रति जो आस्था है, उनकी सनातन धर्म के प्रति जो भक्ति है, उसके प्रभाव से काशी के अगल-बगल क्षेत्र में जातिवाद की प्रचंडता का प्रभाव दो एक लोकसभा को छोड़ दिया जाए तो बहुत कम ही पड़ता है। पूर्वांचल एक अविकसित क्षेत्र था परंतु 2014 में प्रधानमंत्री ने जबसे इस लोकसभा को चुना है तब से लगातार वह दिन दूर नहीं जब यह क्षेत्र भारत की सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के रूप में सारे संसार में अपना महत्व रख रहा है, यह क्षेत्र सबसे आर्थिक रूप से उर्वर हो रहा है, पर्यटन का सबसे बड़ा केंद्र बन रहा है और शिक्षा तथा समता भरी सामाजिक श्रेष्ठता की यहां एक मिसाल कायम हो रही है। भारतीय संस्कृति के प्राच्य वैभव और उसके प्रभाव को विकास की मुख्य धारा में लाकर उन्होंने लोगों के अंदर जो देश के प्रति नैतिक आस्था प्रकट की है, राष्ट्रवाद के नैतिक चिंतन का जो आयाम दिया है उसमें सबसे बड़ी उपादेयता इस क्षेत्र की रही है, वह दिन दूर नहीं जब भगवान शंकर के त्रिशूल पर बसी अविनाशी काशी और सांस्कृतिक गौरव की राजधानी प्रयाग और प्रभु श्रीराम की जन्म भूमि अयोध्या का यह सत्य सनातन संस्कृति का त्रिभुज संपूर्ण दुनिया में श्रद्धा भरी दृष्टि से देखा जाएगा, और आर्थिक विकास का प्रमुख संकुल बनेगा।

### सोशल मीडिया

महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए आप की दिल्ली सरकार ने एक कदम आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री सम्मान स्कीम के तहत प्रति माह एक हजार रुपये की सौगात दी है। ए. केजरीवाल.



विकसित भारत के निर्माण के लिए हर व्यक्ति का सहयोग महत्वपूर्ण है। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम कर रही है। अमित शाह.



पीएम आवास योजना से लोगों का सशक्तीकरण हुआ, पक्के घर का सपना पूरा हुआ है। अब तक 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान लाभार्थियों को दिये गये हैं। केशवप्रसाद मौर्य.



# संकल्प का मार्ग

### अंतर्दृष्टि

तप का मार्ग हमेशा कठिन होता है लेकिन संकल्प साधना हमारे व्यक्तित्व को मजबूत करती है। विचारों की एक विशेषता है कि वह अपने प्रभावों एवं संपर्क में आने वालों पर प्रभाव अवश्य डालता है। मजबूत एवं स्पष्ट विचारों का दूसरों पर असर जरूर पड़ता है। अगर आप अपृ हों और आरम्भिक अभ्यास हों तो बुरे चरित्र और दुष्ट विचार वालों से दूर रहिए। उनके कार्यों में कोई दिलचस्पी मत लीजिए। हो सके तो अरुचि प्रकट कीजिए। इससे आप उनके संक्रामक असर से बचे रहेंगे। सत्संग की महिमा अपार है। श्रेष्ठ पुरुषों का साथ गंगा के समान है। जिसमें गोता लगाने से क्लेष कटने से श्रेष्ठ पुरुषों के साथ रहने से, उनके मौखिक या लेखबद्ध विचारों मनन करने से आत्मोत्थान होता है। यदि आप अपने को अत्यंत सुदृढ़ समझते हैं तो संसार की दृष्टि से बुरे विचार वाले को अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु सावधान कहीं उसका उलटा असर आप पर न हो जाये। दूसरे के अवगुण देखना अपनी बुद्धि को दूषित करना है। फोटो खींचने के कैमरे के सामने जो चीज रखी जाती है उसी का अक्स भीतर प्लेट पर खिंच जाता है। यदि आप दूसरों की बुराइयां देखेंगे तो उनके चित्र अपने अंदर अंकित करके उन्हें खुद भी ग्रहण कर लेंगे। इसलिए दूसरों के सद्गुणों पर ही दृष्टि रखिये। सबमें परमात्मा का स्वरूप देखिये और उन्हें प्रेम की दृष्टि से देखिये, आपका हृदय प्रसन्न रहेगा। यदि किसी में बुराई दिखाई पड़े तो उससे घृणा मत कीजिए और जहां तक हो सके, सुधारने का प्रयत्न कीजिए। परदोष दर्शन के कारण जो घृणा और द्वैष मन में उत्पन्न होते हैं, वह भीतर ही भीतर अशान्ति उत्पन्न करके मन को निश्चित पथ से ढिगा देते हैं। साधना को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि किसी की गंदगी टटोल कर अपनी नाक को दुर्गंधित न किया जाये। अपने मजहब, विचार, या विश्वासों पर दृढ़ रहना उचित है। परन्तु दूसरों के विश्वासों को घृणा की दृष्टि से देखना या झूठा समझना अनुचित है। हम सब सत्य के आसपास चक्कर काट रहे हैं। किन्तु कोई पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंच सका है। इसलिए हमें एक दूसरे के प्रति उदार होना चाहिए। दूसरों के दृष्टिकोण को ध्यान पूर्वक देखना चाहिए और सत्य को स्वीकार करने को उद्यत रहना चाहिए। कट्टरता ऐसा दुर्गुण है जिसके कारण आदमी न तो अपनी बुराइयों को छोड़ सकता है और न अच्छाइयों को ग्रहण कर सकता है। आध्यात्मिक साधक का मार्ग अत्यंत दुर्गम है। यह मार्ग अनेक बाधाओं, समस्याओं तथा संशयात्मक भीषण अरण्यों से होकर जाता है। इसमें एक विरोधी तत्व यह है कि हमारा मन ही हमारा शत्रु है, जिसे हमारा मित्र बनना चाहिए था और सत् परामर्श देना चाहिए था।

# आओ कमेटी-कमेटी खेलें...

### व्यंग्यलोक

आपको खुशी होगी या नहीं, यह तो मैं नहीं जानता, लेकिन मुझे इस बात की अपार खुशी है कि मुझे एक समिति का सदस्य बनाया गया है। लोग अपने व्यक्तित्व निर्माण के लिए समिति का सदस्य बनने के लिए बड़ी बड़ी तिकड़में लगाते हैं, मैं बिना तिकड़म के ही कमेटी में आ गया हूँ। हमारे यहाँ कमेटी निर्माण की परम्परा वैसे तो प्राचीनकाल से है, लेकिन वर्तमान काल में कमेटी बनाना, आयोग गठित करना आम घटनायें हैं। कमेटियाँ मामले को टालने अथवा जिम्मेदारियों से बचने का माध्यम बन गयी हैं। इस दृष्टि से जिस कमेटी का मै सदस्य बना हूं वह भी गालियाँ सुनाने के अलावा अन्य कुछ नहीं दे पायेगी। पर भाई कुछ भी हो आखिर कमेटी में लिया तो गया। हर ऐरे गैरे, नत्थू खैरे को तो नहीं लिया जाता। मुझे लिया गया इसलिए मैं महत्वपूर्ण व्यक्ति तो हूं ही। कमेटियों की कार्य शैली पर प्रकाश डालना भी समीचीन होगा। पहली बात तो कमेटी की बैठक नहीं होती और हो जाती है तो निर्णय नहीं होता। कई बार तो कमेटी पर कमेटी और कमेटी, बस कमेटी ही कमेटी, इतनी कमेटी कि पता ही नहीं चलता कि किस कमेटी को किस बात पर निर्णय करना है ? पहली मूल कमेटी को खोजना मुश्किल हो जाता है। कमेटियों की कार्य-सूची और विवरण नहीं मिलते तथा इस प्रकार एक अनावश्यक अराजकता का माहौल रहता है। भारत में यह परम्परा निरन्तर फल-फूल रही है तथा लोगों का कमेटियों में प्रवेश का क्रेज बना हुआ है। आदमी जितनी कमेटियों का सदस्य होता है उतना ही बड़ा और महत्त्वपूर्ण माना जाता है। यह नहीं देखा जाता कि उसने निर्णय क्या किये हैं, किये भी हैं या नहीं अथवा टालू मिक्चर मिलाता रहा है। लेकिन कौन ध्यान देता है, चलता रहता है। मुझे जिस कमेटी में लिया गया है, वह कमेटी कोई ज्यादा उल्लेखनीय तो नहीं है। लेकिन भाई, है तो कमेटी ? क्या बड़ी और क्या छोटी। हमें भी एक अदद कमेटी चाहिए थी सो मिल गयी है। वैसे आपसे क्या छिपाना, हमें मोहल्ले की विकास समिति ने सफाई समिति में शामिल किया है। मोहल्ले की सफाई एक संगोष्ठी का विषय है, जिस पर कि एक समिति गठित करके काम चलाया जा रहा है। मोहल्ले की सफाई की चुनौती को स्वीकारने का मतलब अपना पारिवारिक जीवन विषाक्त बनाना। इधर आपने सफाई कराई कि मिसेज धारकर आयेंगी और फलों के छिलके गलियारे में फैला जायेंगी। फिर खाने के लिए महाभोज होगा- कुत्ता, सुअर, गाय और साँडों का। आपसी खींचतान, लड़ाईझगड़ा। मिसेज धारकर प्रभावशाली हैं और प्रशावशाली के खिलाफ किसी भी प्रकार का निर्णय लेने की स्थिति में नहीं होती हैं कमेटियाँ, अपितु उन्हें उचित संरक्षण देने का प्रयास किया जाता है।



पूरन सरमा

# साल में दो बार बोर्ड परीक्षा होने से कम होगा तनाव ?



नयी शिक्षा नीति

शाहिद ए चौधरी

स्कूली शिक्षा में सुधार की आवश्यकता है। अनेक कारणों से इस तथ्य का इंकार करना असंभव है। रटने का नियम, जो सीखने के लिए पर्याप्त नहीं है, से लेकर शिक्षणशास्त्र जो छात्रों, विशेषकर लड़कियों में गणित का भय उत्पन्न करने तक, सब में सुधार की गुंजाइश है। लेकिन सुधारों पर विचार करते हुए शिक्षा नीति निमार्ताओं को पिछले अनुभवों से मिले सबक को जरूर याद रखना चाहिए। सीसीई (नियमित व विस्तृत मूल्यांकन) तो याद होगा जिसे 2009 में तारीफों के पुल बांधकर लाया गया था, लेकिन 2017 में बहुत बेआबरू करके बाहर निकाल दिया गया। इसमें निवेश की गई मेहनत व मशक्कत का अंत में परिणाम शून्य ही निकला।

अब स्कूल शिक्षा 2023 के लिए ड्राफ्ट राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा (एनसीएफ) में स्कूलिंग के विभिन्न स्तरों पर मूल्यांकन में महत्वपूर्ण परिवर्तनों की सिफारिश की गई है। छात्रों, अध्यापकों व स्कूल प्रशासकों के लिए इसका अर्थ है कि वह मार्च 2020 से जिस अनुकूलक (एडेप्टिव) ट्रेडमिल पर सवार हैं वह आगे आने वाले वर्षों में अधिक गति पकड़ेगी। इसलिए यह उचित हुआ है कि ड्राफ्ट डॉक्यूमेंट को जल्द पब्लिक डोमेन में लाया गया है। इससे अनुचित आशंकाओं से बचना सुनिश्चित किया जा सकेगा और साथ ही स्टेकहोल्डर्स को प्रोत्साहित किया जा सकेगा कि वह सुधार प्रस्तावों पर सकारात्मक व रचनात्मक रुख अपनाएं। एनसीएफ के मुख्य प्रस्तावों में शामिल हैं छात्रों का आर्ट्स, कॉमर्स व साइंस में अधिक स्वतंत्रता के साथ इधर से उधर जाना; आत्म-मूल्यांकन में वृद्धि और साल में कम से कम दो बार बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन। यह अच्छे लक्ष्य प्रतीत होते हैं, लेकिन कारगर तभी होंगे जब इनकी डिटेल्स दुरुस्त हों और छात्रों व अध्यापकों को साथ लेकर चला जाये। वर्तमान में छात्र हाईस्कूल के बाद आर्ट्स, कॉमर्स या साइंस में से किसी एक स्ट्रीम का चयन करता है। ड्राफ्ट एनसीएफ इस परम्परा को तोड़ता है और कक्षा 9-10 व 11-12 के लिए आठ पाठ्यक्रम क्षेत्रों की सिफारिश करता है। कक्षा 11-12 में छात्र आठ पाठ्यक्रम क्षेत्रों में से 16 चयन-आधारित कोर्सेज का विकल्प ले सकता है, जिन्हें चार सेमेस्टर्स में कवर किया जायेगा। प्रत्येक चयन-आधारित कोर्स एक सेमेस्टर में कवर होगा। लेकिन कक्षा 9-10 के लिए वार्षिक शेड्यूल का पालन होगा क्योंकि सभी छात्रों को समान कोर्सेज करने होंगे। कक्षा 10 व 12 की बोर्ड परीक्षाओं में अंकों की गणना संचयी प्रदर्शन (क्यूमिलेटिव परफॉरमेंस) के आधार पर की जायेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 से प्रेरित ड्राफ्ट एनसीएफ ने वर्ष के अंत में एक परीक्षा की जगह मोडुलर परीक्षाओं की सिफारिश की है। 6 अप्रैल को फीडबैक के लिए सार्वजनिक किये गये ड्राफ्ट में साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने का प्रस्ताव है और फाइनल सर्टिफिकेशन प्रत्येक परीक्षा के संचयी परिणाम पर आधारित होगा। ड्राफ्ट एनसीएफ में प्रस्तावित है कि गणित को आर्ट्स, भाषा व स्पोर्ट्स एजुकेशन के साथ भी पढ़ाया जाये ताकि छात्रों में से इस विषय का डर निकाला जा सके और बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक कौशल विकसित करने के साथ ही 'कुछ दुर्भाग्यपूर्ण प्रथाओं' से छुटकारा पाया जा सके जो बहुत सी लड़कियों को यह विषय लेने से रोकती हैं। ड्राफ्ट एनसीएफ में गणित को चरणबद्ध अंदाज में पढ़ाने पर बल दिया गया है। शुरूआत फाउंडेशनल स्टेज से की जायेगी, जिसमें अंकों को जोड़ने व घटाने पर फोकस किया जायेगा। इसके बाद गुणा, भाग, आकार व माप पर ध्यान दिया जायेगा। बीच के चरण में कांसेप्ट्स सिखाये जायेंगे और फिर दावों को उचित ठहराने की क्षमता व लॉजिकल रीजनिंग आदि पर फोकस किया जायेगा। ड्राफ्ट एनसीएफ में गणित के डर को दूर करना मुख्य चुनौती में शामिल किया गया है। गणित को विज्ञान से अधिक कला के रूप में स्वीकार करते हुए ड्राफ्ट में कहा गया है कि गणित से डर उसकी प्रकृति और जिस प्रकार उसकी शिक्षा दी जाती है, की वजह से है और साथ ही सामाजिक अनुमानों व आशाओं के कारण से भी। लेकिन अगर गणित की सही से शिक्षा दी जाये तो इसे पढ़ने में आनंद आता है और यह जीवनभर का पैशन भी बन जाता है। ड्राफ्ट में कहा गया है, अधिकतर मूल्यांकन तकनीक व प्रश्न तथ्यों, प्रक्रिया व फॉमूर्ले याद करने पर फोकस करते हैं।

## आपकी बात

### सामाजिक परिवर्तन

शिक्षा आर्थिक प्रगति और सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम है। जैसी शिक्षा होगी वैसा ही समाज भविष्य में बनेगा। इसलिए शिक्षा पर समाज को फोकस बढ़ाना चाहिए। भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैंकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा।

**प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.**

### बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं

मानव सभ्यता पर भूकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाएं बड़ा खतरा बन गयी हैं। मानव सभ्यता के अनेक विकसित स्वरूप, गगनचुम्बी इमारतें, स्कूल, कालेज, अस्पताल, मॉल और बड़े-बड़े कारपोरेट चैंबर देखते ही देखते ध्वस्त हो गये। प्रकृति के क्रोध के सामने एक बार फिर मानव समाज बौना साबित हुआ। गृहयुद्ध से प्रभावित सीरिया और तुर्किए में 7.8 की तीव्रता से आया भूकंप और इसके बाद 7.6 और 6 की तीव्रता वाले दो तगड़े ऑफ्टर शॉक्स और 4-5 की तीव्रता वाले करीब 80 ऑफ्टर शॉक्स ने तुर्की और सीरिया को हिलाकर रख दिया। जापान तो जैसे भूकंप पर ही बसा है। भारत में भी लगातार भूकंप आ रहे हैं।

बीते साल भूकंप की त्रासदी झेल रहे तुर्की और सीरिया की मदद के लिए भारत सरकार ने बचाव दल, खोजी कुत्ते, दवाएं और राहत सामग्री भेजकरउसकी मदद की। संकट में किसी भी देश की मदद करना, राहत सामग्री भेजना भारत सरकार का सही फैसला है। यह भूकंप पिछले सात-आठ दशकों में आया सबसे तकड़ा भूकंप था। यह भी कि 1939 में और 1999 में जब भूकंप आया था तो उसमें भी बड़ी संख्या में जनहानि हुई थी। तुर्किए के अधिकांश शहर भूकंप की संवेदनशीलता के लिहाज से जोन चार में हैं। जापान सबसे संवेदनशील माना जाता है। भारत में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली भी जोन चार में आती है। इसलिए यह जरूरी है कि शहरों का निर्माण और विकास इस तरह से हो भूकंप से हानि कम से कम हो। भूकंप की दृष्टि से महाराष्ट्र, उत्तराखंड और दिल्ली भी बहुत संवेदनशील हैं। यहां भी भूकंप जैसी आपदा आने पर बड़े नुकसान की स्थिति बन सकती है। इसलिए यह जरूरी है कि प्राकृतिक आपदाओं का इंतजार करने के बजाय अभी से भूकंप रोधी भवन बनाने के साथ ही निर्माण क्षेत्र में ऐसी इंजीनियरिंग और तकनीक विकसित करने की जाये जिसमें प्राकृतिक आपदा की स्थिति में कम से कम नुकसान भी हो। फिलहाल विकास की जो अंधी दौड़ चल रही है उसमें ऐसा लगता है कि इंसान प्राकृतिक संकट की जद में आता जा रहा है। आखिर बहुमंजिली बिल्डिंगों में भूकंप से कैसे रक्षा होगी। यह सोचने का विषय है।

**आनंद कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## कंटेनर की टक्कर से दो छात्र घायल

**ललितपुर।** परीक्षा देने के लिए मोटर साइकिल से जा रहे छात्रों को कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलावस्था में दोनों छात्रों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां वह उपचाररत हैं। प्रकरण को लेकर रिश्तेदार की तहरीर पर पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। नाराहट थानान्तर्गत ग्राम पारौल निवासी दुर्गा कुशवाहा पुत्र हलकन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 27 फरवरी को सुबह करीब 7.30 बजे उसका भान्जा मड़ावरा निवासी आसू पुत्र पप्पू उर्फ श्यामलाल व गांव में रहने वाला भतीजा हर्ष पुत्र लक्ष्मन अपनी मोटर साईकिल हीरो एच.एफ. संख्या यू.पी. 94 एक्स 6744 से परीक्षा देने के लिए जाखलौन जा रहे थे। बताया कि वह जैसे ही गौना तिराहे पर पहुंचे कि तेजी से भाग रहे कंटेनर संख्या एच.आर. 55 ए.के. 6140 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे भतीजा व भान्जा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये, जबकि मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गयी। बताया कि दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां हालत नाजुक होने पर भतीजा हर्ष को झांसी और फिर ग्वालियर रेफर कर दिया गया, जहां वह उपचाररत है। पुलिस ने दुर्गा कुशवाहा की तहरीर पर कंटेनर चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 338 व 427 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पानी की मोटर चोरी करने पर दो पकड़े

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट कुलदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बार पुलिस पानी की मोटर चोरी करने के मामले में ग्राम टोढ़ी निवासी लक्ष्मन सिंह पुत्र स्व.जैनसिंह यादव व महिरबान उर्फ गिल्लू पुत्र गंगाराम यादव को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि दोनों के खिलाफ धारा 379 व 411 के तहत मामला दर्ज है। दोनों चोरों को पकड ? वाली टीम में उप निरीक्षक महेन्द्र कुमार, हे.कां.आनंद कुमार व कां.नन्दलाल शामिल रहे।

## सपा आज सौंपेगी ज्ञापन

**ललितपुर।** जनपद में विगत दिनों हुई अत्यधिक वर्षा, ओलावृष्टि से किसानों की नष्ट हुई फसलों की क्षतिपूर्ति दिलाए जाने एवं उनका संपूर्ण कर्जा माफ किये जाने सहित अनेक मांगों को लेकर मंगलवार को सुबह 11 बजे सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेगी। उन्होंने समस्त पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों से उपस्थित रहने की अपील की है। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी ने दी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बांदा।** कोतवाली देहात क्षेत्र के लामा गांव के आगे पेट्रोल पंप से 50 मी की दूरी पर बीते दिनो शाम 6:00 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलते ही पुलिस ने पहुंचकर घायल को ट्रामा सेंटर मे इलाज के लिए भर्ती कराया लेकिन हालत नाजुक होने पर डाक्टर ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर मे इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी। बांदा से वापस अंकित पुत्र स्वर्गीय कल्लू आरख 19 गांव के धुन्नू पुत्र फुल्ली 28 निवासी निवाईच की मोटरसाइकिल से जा रहे थे। बाइक अंकित चला रहा था तभी लामा पेट्रोल पंप के आगे 50 मीटर की दूरी पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार अंकित व धुन्नू गंभीर रूप से घायल हो गए। अंकित की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। अंकित चार भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक के पास महज 10 विश्वा जमीन थी। घटना के बाद मां इंद्रकली का रो-रो कर बुरा हाल है।

## विधायक अताउर रहमान के पिता का निधन

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव विधायक अताउर रहमान के पिता हाजी रफीक अहमद का देर रात निधन हो गया। लगभग 90 वर्ष की आयु के कारण कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन का समाचार सुनकर पार्टी के जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन, सुप्रियासाजिससमाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सांसद ने ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने अन्नदाता किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। तेज हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की हजारों एकड़ की फसल बर्बाद हो गई हैं। झांसी और ललितपुर में झमाझम बारिश के साथ-साथ कई स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई। कुछ जगहों पर बिजली भी गिरी, झांसी, ललितपुर में वर्षा के साथ-साथ ओले गिरे। किसान की फसलें बेमौसम

- **किसानों को मुआवजा देने के लिए डीएम को शीघ्र सर्वे करने के दिए निर्देश**

बारिश के साथ ओलावृष्टि से खराब हो रही हैं. किसानों पर एक बार फिर से पड़ी कुदरत के सितम की मार कभी तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश तो कभी ओलावृष्टि के साथ हो रही बारिश खेतों में खड़ी फसल को बर्बाद कर दिया है, जिससे देखकर किसान चिंतित हैं। किसानों का दर्द बांटने झांसी-ललितपुर क्षेत्र के सांसद अनुराग शर्मा ने संसदीय क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों से मुलाकात की। वह संसदीय क्षेत्र के अनेक गांवों में जाकर किसानों से मिले उनके दुख दर्द पीड़ा को समझा, सांसद अनुराग शर्मा ने किसानों के बीच जाकर कंधे से कंधा मिलाकर मदद करने की बात कही। इस दौरान उनके साथ अधिकारीगण भी साथ रहे। ज्ञातव्य है कि सांसद अनुराग शर्मा ने जिलाधिकारी झांसी और जिलाधिकारी ललितपुर को पत्र लिखकर जल्द ही सर्वे कर उचित मुआवजा देने के लिए प्रशासन को निर्देशित किया है। उनके पत्र को संज्ञान में लेते हुए रविवार को ही विभिन्न स्थानों पर सर्वे शुरू भी कर दिया गया है। बताते चलें कि इन दिनों खेतों में गेहूं, चना और मटर की फसल लहरा रही है. जिसे देख किसान काफी खुश थे, लेकिन उनकी इस खुशी को धीरे-धीरे ग्रहण लगता नजर आ रहा है. पिछले कई दिनों से लगातार झांसी समेत बुंदेलखंड के विभिन्न इलाकों में मौसम अचानक बदल जाता है. कभी तेज हवाओं के साथ बारिश तो कभी ओलावृष्टि के बारिश होने लगती है. जिस कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को काफी नुकसान हो रहा है. हवाओं के साथ हो रही बारिश से खेतों की फसल बिछ गई है। ललितपुर जनपद में अधिकांष ग्रामों में खडी फसल को ओलावृष्टि एवं पानी गिरने से भारी क्षति हुई है। इस दौरान सांसद अनुराग शर्मा के साथ स्वामी महाराज, प्रदीप मिश्रा, लखन ,वीरेंद्र यादव नरेंद्र तिवारी,महेंद्र शर्मा, राकेश राजपूत, आशीष पटेरिया ,नरेंद्र यादव, प्रबल राजपूत ,नरेंद्र राजपूत ,कौस्तुभ चैबे, चंद्रप्रकाश सहित अन्य मौजूद रहे।

## बरेली कॉलेज में रोवर्स रेंजर्स समागम पांच से

**बरेली।** 27 वां रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय का अंतर महाविद्यालीय रोवर्स रेंजर की तीन दिवसीय समागम की तिथि जारी कर दी गई है। कार्यक्रम की शुरूआत 5 मार्च को बरेली कॉलेज के हॉकी मैदान पर होगा।अंतर महाविद्यालीय रोवर्स रेंजर कों लेकर तीन दिवसीय समागम आयोजित किया जा रहा है। जिसको लेकर बरेली कॉलेज बरेली में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। विश्वविद्यालय सें संबंधित 11 महाविद्यालय के रोवर्स रेंजर्स की टीम भाग लेंगी। जिसमें टीम के 19 सदस्य होंगे। टीमों के बीच तकरीबन 16 प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।वही बरेली कॉलेज के प्राचार्य ओम प्रकाश राय ने कहा तीन दिवस कार्यक्रम कों लेकर रूपरेखा तैयार कर ली गई है। जिसमें विभिन्न टीमों के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में 17 समितियां बनाई गई है। जिसमें संयोजक एवं सदस्यों कों उनकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही मीडिया प्रभारी प्रोफेसर एससी त्रिपाठी ने जानकारी देते बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन 5 मार्च को किया जाएगा। जिसमें स्काउट गाइड के प्रांतीय एवं जनपदीय अधिकारी के साथ रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केपी सिंहभी मौजूद रहेंगे।

## डीएम ने खेतों में जाकर किसानों को दी सांत्वना



**महोबा।** असमय हुई बारिश व ओलावृष्टि से किसानो की फसलों की क्षति को लेकर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी फसलों के नुकसान का जायजा लेने के लिए किसानों के खेत पहुंचे और इस हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु दिशा निर्देश दिए। उन्होंने असमय बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसलों में संभावित नुकसान का आंकलन करने के लिए सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है।जिलाधिकारी ने सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम रहलिया मौजा का भ्रमण कर असमय बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण हुए फसल नुकसान का अवलोकन किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने किसानों से चर्चा भी की तथा आश्ववस्त किया कि फसल नुकसान का पूरी पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ सर्वे कार्य कर आकलन किया जाएगा तथा शासन के नियमानुसार राहत राशि किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान भाई अपनी समस्याओं को राजस्व अधिकारियों को अवगत करा सकते हैं, अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं को त्वरित निराकरण के प्रयास किए जायेंगे। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह व लेखपाल उपस्थित रहे।

## हाउस टैक्स के नाम पर दी फर्जी रसीद, जांच के आदेश

**बांदा।** नगर पालिका परिषद में लूट मची है। शहर के मर्दननाका निवासी रज्जन खान पुत्र याकूब खान ने जिलाधिकारी को दिए गये शिकायती पत्र मे कहा है कि उसके शहर मे दो मकान हैं। बीते दिनो उसने हाउस टैक्स जमा करने नगर पालिका पहुंचकर क्लर्क गौरव पुत्र राघवेन्द्र से संपर्क किया। क्लर्क ने बताया कि 19 हजार रुपये हाउस टैक्स बकाया है धनराशि जमा करने के बाद ही मकान का नामांकरण हो सकता है। लिपिक ने एक लाख रुपये का खर्च बताया। रज्जन खान ने दो किश्तों मे उन्हे एक लाख रुपये दिए। इसके पश्चात पीड़ित ने नगर पालिका पहुंचकर गौरव से रसीद मांगी तो वह कई दिनो तक टहलाते रहे। कुछ दिन बाद 325 और 110 रुपये की फर्जी रसीद दी। क्लर्क को दिए गये रुपये के बारे मे नगर पालिका के अभिलेखों मे जांच कराई तो पता चला कि ली गयी धनराशि की इंट्री कहीं नही की गयी है। इस बावत बात करने पर उसने रसीद देने को कहा लेकिन कई दिन तक कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद भी रसीद नही दी। परेशान होकर रज्जन खान ने जिलाधिकारी की ड्योढ़ी पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई और कार्रवाई की मांग की। डीएम ने शिकायत के बाद पीड़ित को जांच कराकर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

## डीआईजी ने निरीक्षण कर दिए निर्देश



**महोबा।** आगामी प्रस्तावित लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा तैयारिया की जा रही हैं ।जिसके क्रम में की जा रही तैयारियों की समीक्षा किये जाने हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम् व प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई बीरेन्द्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में थाना कबरई क्षेत्रांतर्गत केंद्रीय पुलिस बल के ठहरने हेतु चिन्हित मानव कल्याण सेवा समिति एवं बद्री सिंह बालिका इंटर कॉलेज कबरई का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जवानों के ठहरने एवं उनको उपलब्ध करायी जाने वाली आवश्यक मूलभूत सुविधाओं बिजली, पानी, शौचालय की समुचित व्यवस्था, भवन के खिड़की, दरवाजे, संचार व्यवस्था आदि की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान पायी गयी कमियों के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर समस्त समुचित व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए गए। बता दें कि कि आगामी प्रस्तावित लोकसभा निर्वाचन के दौरान केन्द्रीय/बाह्य जनपदों से प्राप्त पुलिस बल को जनपद के विभिन्न कालेजों/संस्थानों में ठहराया जाना प्रस्तावित है।

## विश्वविद्यालय की परीक्षाएं सम्पन्न

**ललितपुर।** पहलवान गुरूदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय पनारी, ललितपुर में बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं नकलविहीन, सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से 25 जनवरी से 4 मार्च तक सम्पन्न करायी गयी। केन्द्राध्यक्ष डॉ0 महेश कुमार झा एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष असि0प्रो0 रामलाल रैकवार ने महाविद्यालय में शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा करायी। उन्होनें परीक्षा केन्द्र की व्यवस्था और कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी के मानको को ध्यान रखने के साथ परीक्षा में किसी भी हाल में नकल न होने देने के लिए सख्त दिशा - निर्देश भी दिये थे। महाविद्यालय तीन महाविद्यालयों का परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। जिसमें लगभग एक हजार से अधिक विधार्थियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पाली में परीक्षाएं दी। महाविद्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरो से लगातार निगरानी की गयी। केन्द्राध्यक्ष डॉ0 महेश कुमार झा ने महाविद्यालय में ड्यूटी कर रहे वाहय निरीक्षकों, महाविद्यालय के प्रवक्तागणों, कार्यालय सहायकों एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

## पुलिस कार्यालय में किड्स जोन का शुभारंभ



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अब महिला फरियादियों एवं महिला पुलिस कर्मियों के बच्चों को कार्यालय में यहां-वहां नहीं बैठना पड़ेगा, अब उनके बच्चों के लिए एक ऐसा रूम बनाया गया है, जहां बच्चों का मन लगाने के लिए पूरे इंतेजाम किये गये हैं, इसे नाम दिया गया है किड्स जोन। सोमवार को पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा पुलिस कार्यालय में नवनिर्मित किड्सजोन का बच्चों से फीता कटवाकर उद्घाटन किया गया। पुलिस कार्यालय पर आने वाले आगन्तुकों, फरियादियों व कार्यालय में तैनात महिला पुलिस कार्मियों के बच्चे अब किड्सजोन में खेलेगें।

किड्सजोन में कई प्रकार के खिलौनो को रखा गया है जिससे बच्चें सुगमतापूर्वक खेल सके। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## भारतीय सद्भावना मंच ने किया सनातनियों का सम्मान

ललितपुर। भारतीय सद्भावना मंच द्वारा अयोध्या में प्रभु श्रीराम दर्शन सद्भावना यात्रा का आयोजन संरक्षक इंद्रेश कुमार के मार्गदर्शन एवं साध्वी कल्पना अरुंधति के संयोजन में किया गया। इसमें समस्त देश के विभिन्न धर्मो के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारतीय सद्भावना मंच का उद्देश्य है आओ अपनी जड़ों से जुड़े राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के लिए भाईचारे के साथ राष्ट्र का विकास करना है। झांसी से सद्भावना मंच के कला प्रकोष्ठ संरक्षक देवराज चतुवेर्दी के नेतृत्व में अयोध्या सद्भावना यात्रा गई। इसमें प्रमुख रूप से अभिनेता एवं भारतीय सद्भावना मंच उत्तर प्रदेश प्रवक्ता आरिफ शहडोली प्रवीण भार्गव वीरेंद्र सिंह भदोरिया आदि ने प्रतिभागिता की। झांसी वापस आने पर समाजसेविका एवं भारतीय सद्भावना मंच सेवा प्रकोष्ठ की संरक्षिका पूनम शर्मा ने सभी दल के सदस्यों का सम्मान किया।

## बीमा कम्पनियों पर मनमाने तरीके से किसानों को क्षतिपूर्ति से किया जा रहा वंचित

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** बुंदेलखंड विकास सेना की एक आवश्यक बैठक स्थानीय कंपनी बाग में सेना प्रमुख हरीश कपूर की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में जिले में विगत दिनों बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि, आंधी तूफान से हुई फसल नुकसान पर किसानों की बेहद दयनीय हालत पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। सेना प्रमुख ने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा से गेहूं मटर एवं मसूर आदि फसल को भारी नुकसान हुआ है।

ओलावृष्टि और आंधी तूफान इतना भयंकर था कि बड़े-बड़े पेड़ धराशाई हो गए हैं।

इस तूफान का कहर सदर तहसील के ग्राम हरपुरा, झरकौन, रघुनाथपुरा एवं रजवारा आदि गांव के साथ साथ तालबेहट बांसी और जखौरा से होकर गुजरा है जहां पर अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा ज्यादा नुकसान हुआ है।

बताया कि सबसे ज्यादा नुकसान गेंहू की फसल में हुआ है। अत्यधिक बारिश के साथ तेज हवाओं से फसल खेत में ही बिछ गई है। इसके अलावा मटर, चना, मसूर की कटी हुई फसल जो खेतों में पड़ी थी उसको भी भारी नुकसान पहुंचा।

आरोप लगाया कि बीमा कंपनियां योजनाबद्ध तरीके से मनमानी करते हुए तकनीकी कारणों की कमी बताकर भोलेभाले गरीब किसानों को उनकी क्षतिपूर्ति से वंचित कर देती है और इस षणयंत्र में राजस्व विभाग की मिलीभगत रहती है। यह भी का कि पिछली खरीफ फसल के नुकसान का बीमाक्लेम अभी तक नहीं दिया गया।

उन्होंने जिला प्रशासन को चेतावनी दी कि तत्काल प्रभाव से बीमा कंपनियों की मनमानी पर लगाम लगाकर किसानों को उनके नुकसान का मुआवजा और बीमा क्लेम दिया जाय, अन्यथा की स्थिति में उग्र आन्दोलन छेड ? को बाध्य होगें। बैठक में राजमल बरया, फूलचंद रजक, राजकुमार कुशवाहा, कदीर खान, अमरसिंह बुंदेला, पुष्पेंद्र शर्मा, नंदराम कुशवाहा, पुष्पेंद्र सिंह, प्रदीप साहू, विनोद साहू, संतोष, जगदीश झा, कमलेश कुशवाहा, गफूर खान, खुशाल बरार के साथ-साथ ग्राम हरपुरा-झरकोन के किसान मौजूद रहे।

## पंचायत सहायक ई खसरा पड़ताल शीघ्रता से करें: डीएम



जिला संवाददाता

**बांदा।** एग्री स्टेट स्कीम के तहत ई खसरा पड़ताल का कार्य पंचायत सहायकों के जरिए करने को लेकर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट मे बैठक की। उन्होने पंचायत सहायकों को निर्देश दिए कि किसानों की फसल उत्पादन का आंकलन किए जाने के लिए पंचायत सहायक रोजाना 50 गाटे के लक्ष्य के अनुरूप सर्वे का कार्य प्राथमिकता पर करें। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्देश दिए कि ई खसरा पड़ताल का कार्य पंचायत सहायकों को एग्री स्टेट एप के माध्यम से करना है और इसका प्रशिक्षण पंचायत सहायकों को पहले ही दिया जा चुका है। उन्होने कहा कि किसानों की फसलों के उत्पादन का आंकलन तथा दैवीय आपदा के समय फसलों की क्षति का सही आंकलन ही ई खसरा पड़ताल से ही हो सकेगा। उन्होने पंचायत सहायकों से कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरी निष्ठा व समयबद्धता के साथ पूरा करें। कहा कि यह उनको कार्य करने का बेहतर अवसर मिला है।

उन्होने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायत सहायकों द्वारा किए जा रहे इस कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करें और इस काम को तेज गति से पूर्ण कराएं। उन्होने पंचायत सहायकों से बातचीत करते हुए उनकी समस्या सुनी और निराकरण करने के निर्देश दिए। डीएम ने यह भी निर्देश दिए कि पंचायत सहायक कृषि विभाग के प्राथमिक सहायक एवं लेखपाल भी अपने क्षेत्र मे ई खसरा पड़ताल के काम को एग्री स्टेट एप के माध्यम से शीघ्र पूरा करें। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने ई खसरा पड़ताल के बारे मे किए गये कार्यो के बारे मे जानकारी दी। बैठक मे एडीएम राजेश कुमार, उप निदेशक कृषि विजय कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी व पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# डकैती के बहुचर्चित मामले में अभियुक्तों को 10 वर्ष के कारावास व जुर्माने की सजा

शहजाद अंसारी

**बिजनौर।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने डकैती के बहुचर्चित मामले मे एडीजीसी पंकज चौहान की जोरदार बहस सुनने के बाद अभियुक्तों को दस वर्ष के कठिन कारावास व तीस हजार व दस हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है।



एडीजीसी पंकज चौहान के अनुसार थाना अफजलगढ़ के ग्राम सुआवाला निवासी ईश्वरी सिंह पुत्र हरबंस सिंह ने 03 सितंबर 2014 को पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि बीती रात्रि समय करीब 12 बजे 6/7 अज्ञात व्यक्ति अपने हाथों में हथियार लेकर उसके घर घुस गये और पूरे परिवार वालों को बंधक बनाकर 26 भेड, मोटर साईकिल हीरो स्पैलण्डर प्लस यू०पी० 20 ए 8952, चांदी की पाजेब, चांदी का दस्तबंद, चांदी की तगडी, सोने की अंगूठी, सोने का मंगल सूत्र, सोने के कुण्डल, नाक का फूल, चूडी सोने की, मंगल सूत्र चांदी के, गैस सिलेण्डर, इंवर्टर बैटरा, सात हजार रूपए नकद, मोबाईल हथियारों के बल पर डकैती डालकर ले गये थे। अपर जिला सत्र न्यायाधीश नगीना मनमोहन सिंह ने सोमवार को एडीजीसी पंकज चौहान के जोरदार तर्को व पुलिस की विवेचना व सबूतों के आधार पर हारून पुत्र नत्थू खां निवासी वारसी नगर थाना मुगलपुरा, शहादत उर्फ मोटा पुत्र भूरे वाशी ग्राम थामला थाना बिलारी जिला मुरादाबाद व अकील उर्फ टेढा पुत्र अ० सलाम निवासी मौ० मनिहारान थाना टाण्डा जिला रामपुर को दोषसिद्ध करार देते हुएधारा 395 सपठित धारा 397 के अपराध के लिए दस वर्ष के कठिन कारावास तथा (तीस हजार) रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया जाता है। अर्थदण्ड अदा न करने पर छः माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 412 के अपराध के लिए सात वर्ष का कठिन कारावास तथा (दस हजार) रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया जाता है। अर्थदण्ड अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है।

## भाजपा महिला मोर्चा ने संभाला मैदान 400 पार के लिए रणनीति

जिला संवाददाता

**बरेली।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों का ऐलान होते ही भाजपा चुनाव में अहम भूमिका निभाने वाली महिला मोर्चा ने अपने स्तर से तैयारियां शुरू कर दी हैं।भारत सेवा ट्रस्ट पर आयोजित भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य बड़ी संख्या में एकत्रित हुई।

इस अवसर पर डॉ निवेदिता श्रीवास्तव ने आह्वान किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भी हम सबको अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी ध्यान रखना चाहिए। महिला संयोजिका इंदु सेठी ने विश्वास दिलाया कि आगामी लोकसभा चुनाव में महिलाएं भी एक-एक मतदाता से जनसंपर्क कर अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने सभी महिलाओं से अपील की कि वह अपनी व्यस्तता का कुछ समय निकालकर जनसंपर्क अभियान में समय दें। महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष नीलम जेठा ने भी विश्वास दिलाया कि इस बार पिछले चुनाव परिणाम से अधिक मतों से लोकसभा प्रत्याशी को विजई बनाया जाएगा। सौभाग्यवती गंगवार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सबको मिलकर भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन को स्वीकार करते हुए अभी से चुनाव मोर्चा संभाल लेना चाहिए। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक राजकुमार शर्मा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना रंजना सोलंकी रेखा श्रीवास्तव तृप्ति गुप्ता नंदा अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किया

# अन्त्योदय की परिकल्पना पीएम मोदी साकार कर रहे: नरोत्तम दास

जिला संवाददाता




**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी का जिला संयुक्त मोर्चा का सम्मेलन कल्याण सिंह सभागार में सम्पन्न हुआ। संयुक्त सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन ने की एवं संचालन कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के

- **भारतीय जनता पार्टी का जिला संयुक्त मोर्चा सम्मेलन सम्पन्न**

क्षेत्रीय सदस्य धर्मेन्द्र गोस्वामी ने किया। मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डा नरोत्तम मिश्रा रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डा नरोत्तम मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकसभा संयोजक नागेन्द्र गुप्ता, ललितपुर जिला प्रभारी सुरेश अवस्थी लोकसभा क्लिस्टिर सन्त विलास शिवहरे मौजूद रहे।कार्यक्रम के प्रारम्भ में सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी झांसी ललितपुर के सांसद और वर्तमान प्रत्याशी डा अनुराग शर्मा ने कहा कि उन्होंने अपने लोकसभा सांसद काल में गाँव गाँव तक पहुंचने का प्रयास किया है और इतनी बड़ी लोकसभा में लगभग हर गाँव तक पहुंचने में सफल भी हुआ हूँ। उन्होंने कहा कि मैंने भरसक क्षेत्र के जनता जनार्दन की सेवा की है। मोदी जी ने फिर मुझे जनता जनार्दन की सेवा हेतु पुनः अवसर प्रदान किया है और मैं फिर से आपकी सेवा में हाजिर हूं। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश मंत्री व ललितपुर जिले के प्रभारी पं सुरेश अवस्थी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सभी मोचाओं के लिए कार्यक्रम निश्चित किये है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के लोग मोदी जी के पत्र को हर मतदाता तक ले जायेंगे और उनसे मोदी जी की तरफ से प्रणाम कहेंगे। उन्होंने बताया कि सभी सात मोचाओं को विभिन्न दायित्व दिये हैं।

मुख्य अतिथि एवं मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डा नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि सच में भारतीय जनता पार्टी की इस समय हवा चल रही है लेकिन तेज हवा में भी वाहनों में हवा नहीं भर पाती है उसके लिए पम्प, कम्प्रेसर की आवश्यकता होती है और इसका काम हमारे संगठन और कार्यकताओं द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के आने के बाद चार करोड़ गरीबों के पक्के मकान, दस करोड़ लोगों को गैस कनैक्शन, वारह करोड लोगों को शौचालय उपलब्ध कराने का काम किया है। हमारे प्रेरण पुंज पं दीनदयाल जी ने अन्त्योदय की परिकल्पना की थी मोदी जी उसे आज साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ चुनाव जीतना ही नहीं वल्कि हमारे प्रत्याशी की जीत लगभग पांच लाख से ऊपर होनी चाहिए। अन्त में जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज की उपस्थिति लगभग शत प्रतिशत होने से यह पता चलता है कि हमारे कार्यकताओं में अभूतपूर्व उत्साह है। उच्च नेतृत्व के निर्देश पर मैं ने सभी मोचाओं को अलग अलग कार्यक्रमों के कार्य सोंपे हैं और वह हर मोचाओं के पदाधिकारियों, कार्यकताओं से अपने कार्यक्रमों पूर्ण सफल वनाने की अपेक्षा करते हैं। इस अवसर पर श्रम सेवा राज्य मंत्री मनोहरलाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी,जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, लोकसभा के सहसंयोजक प्रदीप चैवे,ललितपुर विधानसभा संयोजक गन्धर्व सिंह लोधी, महरौनी विधानसभा संयोजक हरीराम निरंजन, निवर्तमान अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रान्तीय उपाध्यक्ष अनिल जैन अंचल, अनुसुचित जनजाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष घासीराम सहरिया, श्रीकांत कुशवाहा, अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री इकबाल वेग, मोचाओं के क्षेत्रीय उपाध्यक्षगण अजय पटैरिया, हरिओम निरंजन, गौरव गौतम, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष दिग्विजय सिंह लोधी उर्फ मोंटी भैया, किसान मोर्चा अध्यक्ष पं सुरेश टोटे, अनुसुचित मोर्चा अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप रजक सहित अनेकों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षेप

### इंडिया गठबंधन के बढ़ने से भाजपा के नेता परेशान हैं: कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोशल मीडिया मंचों पर मोदी का परिवार अभियान शुरू किए जाने के बाद सोमवार को दावा किया कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के निरंतर बढ़ने से भाजपा के नेता परेशान हो गए हैं। भाजपा ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अपना परिवार ना होने को लेकर कटाक्ष किए जाने के अगले दिन सोशल मीडिया पर मोदी का परिवार अभियान शुरु कर दिया। इस अभियान के तहत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित कई नेताओं ने अपने एक्स प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे मोदी का परिवार लिखा। इस बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा, आपने देखा होगा कि पटना में कल (जनविश्वास रैली में) जनता में कितना उत्साह था। हर दिन इंडिया गठबंधन बढ़ रहा है और इसलिए भाजपा के नेता परेशान हैं। उल्लेखनीय है कि साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के चौकीदार चोर है के नारे के जवाब में भाजपा ने मैं भी चौकीदार अभियान चलाया था।

### हिमाचल में सरकार पर खतरा नहीं: कांग्रेस

नयी दिल्ली। हिमाचल प्रदेश सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से बात की है और अब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार को कोई खतरा नहीं है। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह दावा किया। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को मुख्यमंत्री सुक्खू और उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों पर भरोसा है, इसलिए फिलहाल राज्य सरकार के नेतृत्व में बदलाव संभव नहीं लगता। प्रदेश के राजनीतिक संकट से निपटने में शामिल एक पार्टी सूत्र ने कहा, सरकार बहुमत में है और वह पूरे पांच साल तक हिमाचल प्रदेश के लोगों की सेवा करेगी और धन-बल की मदद से जनादेश को कुचलने का कोई भी प्रयास सफल नहीं होगा। सूत्रों ने कहा कि बागी विधायकों के खिलाफ दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्वाई की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग आया राम, गया राम वाली राजनीति को पसंद नहीं करते।

### अंबरीश डेर ने कांग्रेस पार्टी छोड़ी

अहमदाबाद। लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी दल कांग्रेस की गुजरात इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और वह मंगलवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगे। उनके इस्तीफे की घोषणा से ठीक पहले, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख शक्तिसिंह गोहिल ने संवाददाताओं से कहा कि रविवार रात हुई एक बैठक के दौरान पार्टी की अनुशासनात्मक समिति ने डेर को पार्टी के सभी पदों और कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निलंबित कर दिया। गोहिल ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर उनके खिलाफ यह कार्वाई की गई। गोहिल के इस बयान से पहले, भाजपा की गुजरात इकाई के प्रमुख सी आर पाटिल के पूर्व विधायक डेर के घर जाने की फुटेज स्थानीय टेलीविजन चैनलों पर प्रसारित की गई। कांग्रेस की कार्वाई की गोहिल द्वारा घोषणा किये जाने के कुछ ही मिनट के भीतर, डेर ने अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन बुलाया और कहा कि पता ही नहीं चला कि उन्हें कब पार्टी ने निलंबित कर दिया। वह मंगलवार को गांधीनगर में भाजपा के प्रदेश मुख्यालय कमलम में पार्टी में शामिल होंगे।

### हमारी संस्कृति में शिक्षा को पवित्र माना जाता है

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने कहा है कि शिक्षा को भारतीय संस्कृति में पवित्र माना जाता है, लेकिन अब यह पहुंच से बाहर हो गई है। अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करना राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सभी की पहुंच हो। न्यायमूर्ति ए एस चंदूरकर और न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन की खंडपीठ ने पुणे में दो संगठनों को शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने की अनुमति नहीं देने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को रद्द करने से इनकार करते हुए ये टिप्पणियां कीं। उच्च न्यायालय ने 21 फरवरी के अपने आदेश में कहा कि अदालत शिक्षा नीति मामलों में विशेषज्ञ नहीं है और राज्य सरकार सर्वश्रेष्ठ का चयन करने के लिहाज से सर्वोत्तम प्राधिकार है।

# बड़े मंचों के लिए कृत्रिम मेधा पर परामर्श




नयी दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को कहा कि सरकार का कृत्रिम मेधा (एआई) पर परामर्श बड़ी कंपनियों और परीक्षण के दौर से गुजर रहे मंचों के लिए है। यह स्टार्टअप इकाइयों पर लागू नहीं होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संबंधित प्रश्नों पर गूगल के कृत्रिम मेधा मंच की प्रतिक्रिया पर विवाद के बाद, सरकार ने एक मार्च को सोशल मीडिया और अन्य मंचों के लिए परामर्श जारी किया। इसमें परीक्षण स्तर पर एआई मॉडल को चिन्हित करने और गैरकानूनी सामग्री हटाने की बात शामिल है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मध्यस्थों और मंचों को जारी परामर्श में नियमों का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में आपराधिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। चन्द्रशेखर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा है, जो परामर्श जारी किये गये हैं, वे बड़े मंचों के लिए है। मंत्रालय से अनुमति की बात केवल बड़े मंचों के लिए है और यह बात स्टार्टअप पर लागू नहीं होगी। परामर्श का उद्देश्य बिना परीक्षण वाले एआई मंचों को भारतीय इंटरनेट पर उपयोग करने से रोकना है। सभी डिजिटल मंचों को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि अगर वे कृत्रिम मेधा मॉडल, बड़े भाषा मॉडल, जेनरेटिव एआई, सॉफ्टवेयर का उपयोग कर रहे हैं, तो उसमें कोई भी गैरकानूनी सामग्री नहीं हो। वे ऐसी किसी भी गलत सामग्री को प्रदर्शित, अपलोड, प्रसारित आदि करने की अनुमति नहीं देंगे। परामर्श में परीक्षण के स्तर पर, गैर-भरोसेमंद एआई मॉडल, जेनरेटिव एआई आदि का उपयोग और उपयोगकर्ताओं के लिए इसकी उपलब्धता सरकार की स्पष्ट अनुमति के साथ होगी। साथ ही इंटरनेट पर उपयोगकर्ताओं के लिए इसकी उपलब्धता उपयुक्त जानकारी वाला लेबल लगाने के बाद ही उसे रखने को कहा गया है। चंद्रशेखर ने कहा, अनुमति लेने की प्रक्रिया, लेबलिंग और परीक्षण के दौर से गुजर रहे मंचों के बारे में उपयोगकर्ता के लिए खुलासा, मंचों के लिए बीमा पॉलिसी है। ऐसा नहीं होने पर उपभोक्ता मुकदमा दायर कर सकता है। भारत के इंटरनेट की सुरक्षा और भरोसा सरकार, उपयोगकर्ताओं और मंचों के लिए एक साझी जिम्मेदारी और लक्ष्य है। उल्लेखनीय है कि गूगल के कृत्रिम मेधा मंच जेमिनी ने प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के बारे में विवादित टिप्पणियां कीं। प्रधानमंत्री के बारे में पूछे गए सवालों पर जेमिनी की प्रतिक्रिया पर सरकार ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। चंद्रशेखर ने इसे आईटी कानून का उल्लंघन बताया।

# युवाओं के लिए नौकरी के बंद द्वार खोलेगा इंडिया गठबंधन : राहुल गांधी



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर संविदा व्यवस्था को लगातार बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) युवाओं के लिए नौकरी के बंद द्वार खोलेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन द्वारा सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए ठोस योजना तैयार की गई है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि देश के युवाओ, एक बात नोट कर लो। नरेन्द्र मोदी की नीयत ही रोजगार देने की नहीं है। नए पद निकालना तो दूर वह केंद्र सरकार के खाली पड़े पदों पर भी कुंडली मारकर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि अगर संसद में पेश किए गए केंद्र सरकार के आंकड़ों को ही मानें तो 78 विभागों में 9 लाख 64 हज़ार पद खाली हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि महत्वपूर्ण विभागों में ही देखें तो रेलवे में 2.93 लाख, गृह मंत्रालय में 1.43 लाख और रक्षा मंत्रालय में 2.64 लाख पद खाली हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या केंद्र सरकार के पास इस बात का जवाब है कि 15 प्रमुख विभागों में 30 प्रतिशत से अधिक पद खाली क्यों हैं? झूठी गारंटियों का झोला लेकर घूम रहे प्रधानमंत्री के अपने ही कार्यालय में बड़ी संख्या में अति महत्वपूर्ण पद खाली क्यों हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि स्थाई नौकरी देने को बोझ मानने वाली भाजपा सरकार लगातार संविदा व्यवस्था को बढ़ावा दे रही है, जहां न सुरक्षा है और न सम्मान। राहुल गांधी का कहना है कि खाली पड़े पद देश के युवाओं का हक़ हैं और हमने इन्हें भरने के लिए एक ठोस योजना तैयार की है। इंडिया गठबंधन का संकल्प है, हम युवाओं के लिए नौकरी के बंद द्वार खोल देंगे। उन्होंने कहा कि बेरोज़गारी के अंधेरे को चीरकर युवाओं के भाग्य का सूर्योदय होने वाला है।

# माउथ फ्रेशनर से 5 बीमार करने लगे खून की उल्टियां

गुरुग्राम। साइबर सिटी गुरुग्राम के सेक्टर-90 स्थित एक रेस्टोरेंट में माउथ फ्रेशनर खाने के बाद पांच लोग अचानक बीमार हो गए। माउथ फ्रेशनर खाने की वजह से पहले उनके मुंह में जलन हुई और फिर खून की उल्टियां शुरू हो गईं। उल्टियां होने के बाद लोगों ने रेस्टोरेंट स्टाफ से मदद भी मांगी, लेकिन स्टाफ में से किसी ने भी उनकी मदद नहीं की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ितों को अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित अंकित कुमार ने पुलिस स्टेशन में शिकायत की और कहा कि शनिवार, 2 मार्च की रात वह अपनी पत्नी नेहा सभरवाल, अपने दोस्त माणिक गोंडका और उनकी पत्नी प्रीतिका रुस्तगी, दीपक अरोड़ा और उनकी पत्नी हिमानी के साथ सेक्टर-90 में स्थित फॉरेस्ट कैफे और रेस्तरां में डिनर करने गए थे। खाने के बाद रेस्तरां के एक वेटर ने उन्हें माउथ फ्रेशनर दिया। अंकित अपनी छोटी बेटी को गोद में लिए हुए थे, इसलिए उन्होंने माउथ फ्रेशनर नहीं खाया, लेकिन उनके साथ गए अन्य सदस्यों ने और उसकी पत्नी ने माउथ फ्रेंशनर खाया तो उनकी तबीयत खराब होने लगी।

# सनातन धर्न पर विवादित टिप्पणी को लेकर उदयनिधि को फटकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उनकी सनातम धर्म को मिटाने संबंधी टिप्पणी को लेकर अप्रसन्नता जताई और पूछा कि वह भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का दुरुपयोग करने के बाद अपनी याचिका लेकर शीर्ष अदालत के पास क्यों आए हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्टालिन से कहा कि वह एक मंत्री हैं और उन्हें अपनी टिप्पणी के परिणाम पता होने चाहिए थे। पीठ ने कहा, आपने संविधान के अनुच्छेद 19(1)(अ) के तहत (भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंता के) अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है। आपने अनुच्छेद 25 (अंतरात्मा की स्वतंत्रता एवं धर्म को अपनाने, अनुपालन और प्रचार-प्रसार करने की स्वतंत्रता) के तहत अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है तथा अब आप अनुच्छेद 32 (उच्चतम न्यायालय में रिट याचिका दायर करने) के तहत अपने अधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं? क्या आप अपनी टिप्पणी के नतीजे नहीं जानते थे? आप आम आदमी नहीं हैं। आप एक मंत्री हैं। आपको पता होना चाहिए था कि इस तरह की टिप्पणी का क्या परिणाम होगा। न्यायालय ने मामले पर सुनवाई 15 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक के प्रमुख एम. के. स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने



सितंबर 2023 में एक सम्मेलन में कहा था कि सनातन धर्म सामाजिक न्याय तथा समानता के खिलाफ है और उसका उन्मूलन किया जाना चाहिए। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया और डेंगू से करते हुए कहा था कि इसे (सनातन धर्म को) खत्म कर दिया जाना चाहिए। वह राज्य की द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक)-नीत सरकार में युवा कल्याण एवं खेल मामलों के मंत्री हैं। उदयनिधि स्टालिन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि वह अपने मुवक्किल की टिप्पणियों को उचित नहीं ठहरा रहे हैं, बल्कि केवल छह राज्यों में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को एकसाथ जोड़ने का अनुरोध कर रहे हैं। इसके बाद शीर्ष अदालत ने उन्हें संबंधित उच्च न्यायालयों का दरवाजा खटखटाने को कहा। पत्रकार अर्नब गोस्वामी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता नूपुर शर्मा और कुछ अन्य लोगों से जुड़े मामलों में शीर्ष अदालत के आदेशों का जिक्र करते हुए सिंघवी ने कहा कि इन सभी मामलों में शीर्ष अदालत प्राथमिकी को एक साथ जोड़ने पर सहमत हुई थी। सिंघवी ने कहा, मैं (मामले के) गुण-दोष पर एक शब्द भी नहीं कह रहा हूं, मैं इसे उचित नहीं ठहरा रहा हूं या आलोचना नहीं कर रहा हूं। मामले के गुण-दोष का प्राथमिकी को एक साथ जोड़ने की याचिका पर असर नहीं पड़ने दें। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह संबंधित फैसलों और कुछ मामलों की सुनवाई की प्रगति देखने के बाद 15 मार्च को इस पर सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 22 सितंबर को चेन्नई के वकील बी. जगन्नाथ की उस याचिका की सुनवाई पर सहमति जता दी थी जिसमें उन्होंने स्टालिन और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की अनुमति मांगी थी, जिन्होंने स्टालिन की टिप्पणी एवं नफरती भाषण का समर्थन किया था।

# बिजली की मांग गर्मियों में 260 गीगावाट पहुंचने का अनुमान

नयी दिल्ली। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के चेयरपर्सन घनश्याम प्रसाद ने सोमवार को कहा कि देश में बिजली की मांग सालाना आधार पर इस साल गर्मियों में सात प्रतिशत बढ़कर 260 गीगावाट पर पहुंचने का अनुमान है।

बीते वर्ष गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 243 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) रही थी। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण और टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन (टाटा पावर-डीडीएल) लिमिटेड के सहयोग से आयोजित चौथे लाइनमैन दिवस के मौके पर प्रसाद ने कहा, हमारा अनुमान है कि इस साल बिजली की अधिकतम मांग गर्मियों में 260 गीगावाट रहेगी। सीईए चेयरमैन ने अपने संबोधन में कहा, बिजली क्षेत्र के लाइनपर्सन हमारे देश की बिजली



व्यवस्था के सबसे मजबूत स्तंभ हैं। लाइनमैन दिवस का आयोजन उनके समर्पण और अथक सेवा के प्रति हमारी सराहना को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने कहा, इन कर्मचारियों की कड़ी मेहनत को पहचानने के पीछे का उद्देश्य उन्हें सुरक्षा के बारे में शिक्षित करना और अपने अनुकरणीय प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित करना है। इस मौके पर केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने वीडियो संदेश में कहा, लाइनमैन दिवस प्रतिभागियों के बीच विचारों के आदान-प्रदान और सुरक्षा की सर्वोत्तम गतिविधियों को साझा करने की सुविधा प्रदान करने वाले प्रभावी मंच के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा, हम उन लाइनमैन के आभारी हैं जो देश के तकनीकी, औद्योगिक और सामाजिक बुनियादी ढांचे के कामकाज के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करते हैं। हमें इस राष्ट्रव्यापी पहल का नेतृत्व करते हुए गर्व महसूस हो रहा है और बिजली क्षेत्र के इन फ्रंटलाइन वर्कर्स के समर्पण और सेवा का सम्मान करने के लिए एकजुट होने वाली 40 से अधिक पारेषण और वितरण कंपनियों की मजबूत भागीदारी देखकर हम उत्साहित हैं। सेवा, सुरक्षा, स्वाभिमान विषय पर आयोजित इस समारोह में आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली के 40 से अधिक सरकारी और निजी पारेषण तथा वितरण कंपनियों के 150 से ज्यादा लाइनपसर्न शामिल हुए।

# सहेली के घर में रह रही महिला का शव बरामद

मथुरा (उप्र)। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के फरह क्षेत्र में अपनी सहेली के घर में रह रही एक तलाकशुदा महिला का शव वहां बंद कमरे में पड़ा मिला। दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अरविंद कुमार ने सोमवार को बताया कि फरह थाना क्षेत्र के महुअन गांव में हेमा नामक महिला के घर में उसकी सहेली का शव कमरे में बंद करके रखे जाने की जानकारी मिली थी। कुमार ने बताया कि दुर्गंध उठने पर पड़ोसियों ने पुलिस को इसकी सूचना दी थी। आश्चर्यजनक यह है कि घर में सड़ता शव होने के बावजूद हेमा और उसके परिवार के लोग उसी घर में रह रहे थे।

# भारतीय संस्कृति में शिक्षा को पवित्र माना जाता है : बंबई हाईकोर्ट

एजेंसी

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने कहा है कि शिक्षा को भारतीय संस्कृति में पवित्र माना जाता है, लेकिन अब यह पहुंच से बाहर हो गई है। अदालत ने कहा कि यह सुनिश्चित करना राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सभी की पहुंच हो। न्यायमूर्ति एएस चंदूरकर और न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन की खंडपीठ ने पुणे में दो संगठनों को शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने की अनुमति नहीं देने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को रद्द करने से इनकार करते हुए ये टिप्पणियां कीं।

उच्च न्यायालय ने 21 फरवरी के अपने आदेश में कहा कि अदालत शिक्षा नीति मामलों में विशेषज्ञ नहीं है और राज्य सरकार सर्वश्रेष्ठ का चयन करने के लिहाज से सर्वोत्तम प्राधिकार है। अदालत ने कहा कि केवल चुनने की शक्ति को मनमाना नहीं कहा जा सकता है। उच्च न्यायालय ने कहा, पुणे को दशकों से पूर्व के ऑक्सफोर्ड के रूप में जाना जाता है और इसने ना केवल भारत बल्कि अन्य देशों के विद्यार्थियों को भी आकर्षित किया। इसके परिणामस्वरूप पुणे शैक्षिक संस्थानों का केंद्र बन गया। अदालत ने कहा कि समय बीतने के साथ ना केवल पुणे बल्कि इसके आसपास के क्षेत्रों में काफी विकास हुआ है और यहां कॉलेज और विद्यालय स्थापित करने की प्रतिस्पर्धा है।

## पेज एक का शेष

### गेहूं क्रय नीति

राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड), भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (एनसीसीएफ) और भारतीय खाद्य निगम। फारमर्स प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एफपीओ) और फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनीज (एफपीसी) को खाद्य विभाग की विपणन शाखा, पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस, मंडी परिषद और भारतीय खाद्य निगम से संबद्ध होकर गेहूं खरीद की अनुमति भी दी गई है।

### योगी मंत्रिमंडल

दलों के उन विधायकों को है जिन्हें शपथ लेनी है। ये विधायक लखनऊ में जमे हुए हैं। दूसरी तरफ सोमवार को सचिवालय प्रशासन विभाग ने नए मंत्रियों के लिए विधानभवन में कक्ष तैयार कराने शुरू कर दिए हैं। विभागीय कर्मचारी दिनभर इस काम में जुटे हुए थे। बताया जाता है कि मंगलवार को सुबह ही शपथ लेने वाले मंत्रियों को समय की जानकारी सरकार की तरफ से दी जाएगी। भाजपा का मानना है कि ओपी राजभर और दारा सिंह चौहान के मंत्री बनने से न सिर्फ पूर्वांचल में लोकसभा चुनाव में राहत मिलेगी बल्कि गैर यादव ओबीसी को प्रभावित किया जा सकेगा। पूर्वांचल में यादवों के बाद पटेल, राजभर और चौहान की ही सबसे बड़ी संख्या है। अनुप्रिया पटेल पहले से एनडीए के साथ हैं और उनके पति आशीष पटेल योगी कैबिनेट में मंत्री भी हैं। लोकसभा के लिए भी अनुप्रिया पटेल को पूर्वांचल की दो सीटें मिर्जापुर और रार्बट्सगंज दी गई है। ओपी राजभर के एनडीए में आने से पूर्वांचल की दो दर्जन से ज्यादा सीटों पर बीजेपी को लाभ हो सकता है। इसी तरह दारा सिंह चौहान भी योगी की पहली सरकार में मंत्री थे। राजभर की तरह दारा सिंह चौहान ने भी अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत बसपा से की थी। लोगों के बीच पकड़ के कारण वह पार्टी का एक महत्वपूर्ण चेहरा बन गए। 2015 में दारा सिंह बीजेपी में शामिल हो गए। विधानसभा चुनाव 2022 से ठीक पहले बीजेपी का साथ छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। घोसी से सपा के टिकट पर विधायक भी बने लेकिन वहां रह नहीं सके। दारा सिंह चौहान को साथ लाने के पीछे लोनिया समाज को साधने की बीजेपी की रणनीति का हिस्सा है। रामपुर में सपा नेता आजम खान के खिलाफ झंडा बुलंद करने वाले आकाश सक्सेना इस समय पश्चिमी यूपी में भाजपा का बड़ा चेहरा बन गए हैं। रामपुर की सियासत सपा नेता आजम खान के आस-पास ही चलती थी। पेशे से व्यवसायी आकाश ने हेट स्पीच मामले में भी आजम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

### लालू के हमले

अध्यक्ष लालू प्रसाद ने रविवार को पटना में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष किया था। उन्होंने कहा था, अगर नरेन्द्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। जब मोदी की मां की मृत्यु हुई तो उन्होंने ऐसा नहीं किया। प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के इस आरोप पर सोमवार को पलटवार किया और कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे इंडी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। उन्होंने हुए, अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नही है। कल ये ऐसा भी कह सकते हैं कि तुम्हें कभी जेल की सजा नहीं हुई इसलिए तुम राजनीति में भी नहीं आ सकते।

### तेलंगाना में

आधिकारिक कार्यक्रम के दौरान उनके साथ मंच साझा किया। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने अतीत में कई मौकों पर राज्य में प्रधानमंत्री के आधिकारिक कार्यक्रमों से दूरी बनाई थी। यहां कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने अन्य परियोजनाओं के अलावा पेद्दापल्ली में एनटीपीसी की 800 मेगावाट (इकाई-2) क्षमता वाली तेलंगाना सुपर थर्मल पावर परियोजना का उद्घाटन किया। अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल प्रौद्योगिकी पर आधारित यह परियोजना तेलंगाना को 85 प्रतिशत बिजली की आपूर्ति करेगी और इसकी देश भर में मौजूद एनटीपीसी के सभी बिजली केंद्रों में सर्वाधिक बिजली उत्पादन दक्षता होगी जो लगभग 42 प्रतिशत होगी। इस परियोजना का शिलान्यास भी प्रधानमंत्री ने ही किया था। प्रधानमंत्री ने झारखंड के चतरा में स्थित उत्तरी करणपुरा ताप विद्युत परियोजना की 660 मेगावाट (इकाई-2) क्षमता वाली इकाई भी राष्ट्र को समर्पित की। यह देश का पहली सुपरक्रिटिकल ताप विद्युत परियोजना है, जिसकी कल्पना इतने बड़े आकार के एयर कूल्ड कंडेनसर (एसीसी) के साथ की गई है, जो पारंपरिक वॉटर-कूल्ड कंडेनसर की तुलना में पानी की खपत को एक तिहाई तक कम कर देता है।

### पर्यटन ने

यूपी के बारे में कहा जाता था कि यहां अराजकता है, इसे डबल इंजन सरकार ने आस्था और आजीविका में बदल दिया है। यूपी को देश के विकास का ब्रेकर कहा जाता था वह आज ब्रेक थ्रू राज्य बन चुका है। यूपी आज बीमारू नहीं बल्कि रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। सबसे ज्यादा निवेश यहां आ रहा है। इसमें भी सर्विस सेक्टर की बड़ी भूमिका है। अच्छे होटल, अच्छे रेस्टोरेंट आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस बात की प्रशंसा की कि आज जितनी भी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हो रहा है, ये सब स्थानीय सांसद और विधायकों के प्रस्तावों का ही नतीजा है। सीएम ने कहा कि हम लोग किसी धार्मिक स्थल को संरक्षित करते हैं, तो ऐसा करके हम आने वाली पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा स्थल का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि पहले लोग अयोध्या भय के मारे नहीं आते थेए आज वहां से संतुष्ट होकर लौट रहे हैं। आज काशी विश्वनाथ धाम में एक साथ 50 हजार श्रद्धालु भी आ जाएं तो कोई परेशानी नहीं होती। विंध्यवासिनी धाम में लाखों लोग भी एक साथ आ जाएं तो कोई दिक्कत नहीं है। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि हमें सीसीटीवी कैमरे को एआई टूल के साथ जोड़ना चाहिए, जिससे हमें ठीक ठीक पता लग सके कि किसी भी पर्यटन स्थल पर कितने टूरिस्ट आ रहे हैं। सीएम योगी ने स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ साथ बुंदेलखंड के किलों को पर्यटन के दृष्टि से विकसित करने की बात कही। उन्होंने पर्यटन विभाग को इस संबंध में जल्द से जल्द पॉलिसी लाकर आगे बढ़ने के लिए कहा। सीएम योगी ने डिजिटल टूरिस्ट मैप तैयार करने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही यह भी कहा कि प्रदेश के हर एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन पर टूरिस्ट डेस्क की स्थापना की जाए। जहां से वहां आने वाले पर्यटकों को ये मालूम हो सके कि यहां महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल कौन कौन से हैं, रुकने और खाने-पीने के लिए क्या व्यवस्था है। एक बार हमने ऐसा सिस्टम डेवलप कर लिया तो यूपी इतनी लंबी लकीर खींचेगा कि इसके आस पास भी कोई नहीं दिखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष प्रयागराज का कुंभ है।

### विकास प्राधिकरणों

के स्थान पर पार्कों में करना उचित होगा। उन्होंने कहा कि नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। टैक्सी-ऑटो स्टैंड और स्ट्रीट वेंडर जोन तय होने चाहिए। महायोजना में इसके लिए स्पष्ट भूमि चिन्हित होनी चाहिए। मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करें। सहारनपुर 'देवभूमि का प्रवेश द्वार' है। विगत 6-07 वर्षों में यहां न केवल व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आई है, बल्कि बेहतर होती कनेक्टिविटी और नगरीय सुविधाओं के कारण लोग यहां स्थायी निवास भी बना रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सहारनपुर की महायोजना में औद्योगिक. व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों के विकास के लिए सुनियोजित प्रावधान रखे जाएं। सहारनपुर में वुड कार्विंग क्लस्टर के लिए स्थान चिन्हित करें। वर्तमान में जहां काष्ठ शिल्प का हब है उससे यह स्थान बहुत दूर न हो। लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग हब के लिए भी स्थान चिन्हित की जाए।

### निर्दोष साबित होने

है कि सांसद उपेंद्र सिंह रावत का कथित अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसको लेकर सांसद की तरफ से कोतवाली थाने में रविवार को अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) आदित्य त्रिपाठी ने रविवार को बताया कि रावत का सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे कथित आपत्तिजनक वीडियो मामले में उनके निजी सचिव दिनेश चंद्र रावत की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि तीन मिनट से लेकर पांच मिनट तक के कई वीडियो सार्वजनिक हुए हैं जिसमें एक व्यक्ति एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहा है। जिले में तेजी से प्रसारित हुए इस वीडियो में दिख रहे व्यक्ति को उपेन्द्र सिंह रावत बताया गया है। लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को बाराबंकी से पुनः उम्मीदवार घोषित किये जाने के 24 घंटे के भीतर ही सोशल मीडिया पर रावत का यह कथित आपत्तिजनक वीडियो सार्वजनिक हुआ है। सांसद के निजी सचिव दिनेश चंद्र रावत ने स्थानीय कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने सांसद को भाजपा से उम्मीदवार घोषित किये जाने के बाद उनकी छवि धूमिल करने के लिए उनका संपादित आपत्तिजनक वीडियो सार्वजनिक कर दिया है।

### सांसद, विधायकों

कि क्या एक सांसद या विधायक किसी आपराधिक अदालत में रिश्वतखोरी के आरोप में अभियोग से छूट का दावा कर सकता है। सात न्यायाधीशों की पीठ 1998 के फैसले पर पुनर्विचार कर रही थी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा हम इस पहलू पर बहुमत के फैसले से असहमत हैं और उसे खारिज करते हैं। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 1998 में पीवी नरसिम्हा राव बनाम केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) मामले में दिए गए अपने बहुमत के फैसले में कहा था कि सांसदों को संविधान के अनुच्छेद 105(2) और अनुच्छेद 194(2) के तहत सदन के अंदर दिए गए किसी भी भाषण और वोट के लिए घूस के आपराधिक मुकदमा से छूट प्राप्त है। सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सोमवार को कहा कि 1998 के बहुमत के फैसले का सार्वजनिक हित, सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और संसदीय लोकतंत्र पर व्यापक प्रभाव पड़ा है।

### सैन्य साजो-सामान

वाले दोनों विमानवाहन पोतों को देखने के लिए समुद्र में उतरेंगे। नौसेना कमांडरों के सम्मेलन का पिछला सत्र पिछले साल मार्च में स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर हुआ था। नौसैन्य प्रवक्ता ने कहा, पिछले छह महीनों में इजराइल-हमास संघर्ष के कारण हिंद महासागर क्षेत्र में भू-राजनीतिक परिदृश्य में बड़े बदलाव हुए हैं।

### बुलंदशहर की

तीन लोगों की तलाश के लिए राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को बुलाया गया है। स्थानीय गोताखोरों को भी बुलाया गया है और स्थानीय जनता के सहयोग से भी खोज कराई जा रही है। हादसे की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया है और सभी मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है।

